दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
वर्ष: 16 | अंक 344 | सीकर, मंगलवार 10 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## पीडब्ल्यूडी कार्यालय की संपत्ति कुर्क करने पहुंची टीम

### सड़क निर्माण के 46.89 लाख का भुगतान न करने पर कार्रवाई



**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू में मैसर्स लक्ष्मीनाथ इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के बकाया भुगतान के मामले में बीकानेर की वाणिज्यिक कोर्ट के आदेश पर सोमवार को पीडब्ल्यूडी कार्यालय में कुर्की की कार्रवाई के लिए टीम पहुंची। न्यायालय के अधिकारी और कर्मचारी वसूली वारंट के साथ पीडब्ल्यूडी दफ्तर पहुंचे। यह कार्रवाई सड़क निर्माण कार्य के 46 लाख 89 हजार 24 रुपए के भुगतान न होने पर की गई। अदालत ने दिसंबर 2024 के मामले में यह वसूली के आदेश दिए थे। भुगतान न होने पर कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी कार्यालय में मौजूद फर्नीचर, एसी, पंखे, वाहन, कंप्यूटर और अन्य चल संपत्ति कुर्क कर राशि वसूलने के निर्देश दिए हैं।

### अफरा-तफरी का माहौल बना

कोर्ट की टीम के कार्यालय पहुंचते ही वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता पंकज यादव ने टीम से भुगतान के लिए कुछ और समय मांगा। वाणिज्यिक न्यायालय बीकानेर ने स्पष्ट किया है कि जब तक पूरी राशि जमा नहीं होती तब तक कुर्की की कार्रवाई जारी रहेगी। इस मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को निर्धारित की गई है। मैसर्स लक्ष्मीनाथ इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के महेंद्र शर्मा ने बताया कि यह सड़क निर्माण कार्य साल 2014 में करवाया गया था लेकिन पीडब्ल्यूडी ने इसका भुगतान अभी तक नहीं किया है। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग अभी भी मोहलत मांग रहा है।

## टी-20 वर्ल्डकप में भारत-पाकिस्तान मैच होगा

### श्रीलंका के राष्ट्रपति से बातचीत के बाद मानी शहबाज सरकार, 15 फरवरी को मुकाबला

नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा।

पाकिस्तान सरकार ने सोमवार रात को अपने ट्वीटर अकाउंट से पोस्ट करके यह जानकारी दी। पोस्ट में बताया गया कि प्रधानमंत्री शहबाज को श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने फोन करके भारत से मैच खेलने की अपील की थी। इसके साथ ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम ने भी पीसीबी से मैच खेलने की सिफारिश की थी। दरअसल, बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर करने के विरोध में पाकिस्तान ने 1 फरवरी को भारत से होने वाले मुकाबले का बायकॉट करने का ऐलान किया था। हालांकि, बाकी मैच खेलने पर सहमति जताई थी।

### पाक सरकार की खास बातें

पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायके के बीच फोन पर बातचीत हुई। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने श्रीलंका में प्रस्तावित भारत-पाक मैच खेलने का अनुरोध किया। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा कि आतंकवाद के मुश्किल दौर में पाकिस्तान ने श्रीलंकाई क्रिकेट का पूरा समर्थन किया था। उन्होंने उसी भावना से पाकिस्तान से सहयोग की अपील की। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति की भावनाओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों से चर्चा के बाद अंतिम फैसला श्रीलंका को बता दिया जाएगा।

पीएम ने कहा कि मुश्किल समय में श्रीलंका पाकिस्तान के साथ मजबूती से खड़ा रहा। हाल ही में श्रीलंका टीम ने पाकिस्तान दौरा रद्द न कर अहम सहयोग दिखाया। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पीएम को भारत-पाक मैच पर हुई हालिया बैठकों की जानकारी दी। इन बैठकों में आईसीसी और बीसीबी के प्रतिनिधि भी शामिल थे। पाकिस्तान सरकार ने बीसीबी के औपचारिक अनुरोध और श्रीलंका, यूएई सहित अन्य देशों के समर्थन पर विचार किया। इन देशों ने समाधान में पाकिस्तान से नेतृत्व की भूमिका निभाने को कहा था।



## लाखों गरीब परिवारों को आयुष्मान भारत योजना में जोड़ने के साथ इलाज राशि 20 लाख की जाए : ओला

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की पात्रता और सीमित इलाज राशि को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए। सांसद ओला ने कहा कि सरकार आज भी योजना की पात्रता वर्ष 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना के आंकड़ों पर तय कर रही है, जो वर्तमान सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं से लगभग पूरी तरह से अलग हैं। 15 वर्ष पुराने आंकड़ों के आधार पर आज के गरीबों की पहचान करना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में महंगाई, बेरोजगारी, कोरोना महामारी और आर्थिक संकट के कारण लाखों परिवार गरीबी रेखा के नीचे आए हैं लेकिन वे आयुष्मान भारत योजना से बाहर हैं। झुंझुनू संसदीय क्षेत्र सहित राजस्थान में आज भी बड़ी संख्या में गरीब परिवार गंभीर बीमारी के समय इलाज से वंचित रह जाते हैं और कर्ज़, ज़मीन-जेवर गिरवी रखने या इलाज छोड़ने को मजबूर हैं। सांसद ने कहा कि वर्तमान 5 लाख रुपये की इलाज सीमा आज की अनेक बीमारियों की चिकित्सा लागत के मुकाबले बेहद अपर्याप्त है। निजी अस्पतालों में गंभीर बीमारियों का खर्च कई गुना बढ़ चुका है, जिससे गरीब परिवारों को फिर से जेब से खर्च करना पड़ रहा है। सांसद ओला ने केंद्र सरकार से मांग की हैं की आयुष्मान भारत योजना की पात्रता के लिए नवीनतम आंकड़ों का उपयोग कर वंचित गरीब परिवारों को तुरंत योजना में शामिल किया जाए तथा इलाज सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये प्रति वर्ष किया जाए ताकि यह योजना वास्तव में गरीबों के लिए संजीवनी बन सके।




## सुप्रीम कोर्ट बोला- एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे

### बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ते बढ़ाई

**नई दिल्ली/कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि यह बात सभी राज्यों के लिए है। जरूरत पड़ने पर आदेश जारी किए जाएंगे।

## खाटूश्यामजी में बनेगा विश्व रिकॉर्ड

### नंदधाम में स्थापित होगी विश्व की सबसे ऊंची 252 फीट अष्टधातु की लड्डू गोपालजी की प्रतिमा

निसं



**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में आस्था भक्ति और अध्यात्म का एक नया इतिहास रचने जा रहा हैं। हनुमानपुरा रोड पर श्री गणराज ग्रुप द्वारा निर्मित नंद धाम परिसर में विश्व की सबसे ऊंची 252 फीट अष्टधातु से निर्मित लड्डू गोपालजी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से भी खाटूश्यामजी को एक नई वैश्विक पहचान दिलाएगी। लड्डू गोपालजी की प्रतिमा स्थापना को लेकर धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला का शुभारंभ हो चुका है इस संबंध में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। 5 से 11 फरवरी तक सात दिवसीय महाअनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक पाठ करवायें जा रहे हैं। इन आयोजनों में गोपाल सहस्त्रनाम, श्रीमद्भागवत मूल पाठ, वास्तु शास्त्र, भूमि स्तोत्र, दुर्गा सप्तशती एवं विष्णु सहस्त्रनाम पाठ प्रमुख हैं। धार्मिक आयोजनों की कड़ी में 10 फरवरी को नंद धाम परिसर में एकदिवसीय 21 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। वहीं 11 फरवरी को मुख्य कार्यक्रम होगा जिसमें सुबह 9:15 से 10:15 बजे के शुभ मुहूर्त में लड्डू गोपालजी की प्रतिमा का विधिवत नींव पूजन किया जाएगा। इसी दिन संत-महात्माओं की उपस्थिति में भव्य संत समागम भी आयोजित होगा। जिसमें देश भर से पधारे सैकड़ो संत महात्माओं के साथ हजारों श्रद्धालुओं की गरिमा में उपस्थित रहेगी। आयोजकों के अनुसार नंद धाम और लड्डू गोपालजी की यह विशाल प्रतिमा भविष्य में खाटूश्यामजी को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक एवं पर्यटन मानचित्र पर एक विशिष्ट स्थान दिलाएगी।

### शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रोगी सेवा में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का नेतृत्व अनुकरणीय

## हमारी सरकार आयुर्वेद के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध : सीएम शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की मिट्टी में आयुर्वेद की जड़ें गहरी हैं, यहां औषधि उत्पादन की अद्भुत क्षमता है। प्रदेश की पहाड़ी, वन, औषधीय पौधे इसके साक्षी हैं कि यहां की भूमि सदियों से आयुर्वेद का केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आयुर्वेद के संवर्धन तथा जनमानस में उसके व्यापक उपयोग के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह में अपने उद्बोधन के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1976 में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एक महाविद्यालय के रूप में आरंभ होकर आज देश के प्रमुख डीम्ड टू बी आयुर्वेद यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित हो गया है। राजस्थान की धरती पर स्थापित इस संस्थान ने पचास वर्षों में जिस ऊंचाई, प्रतिष्ठा और राष्ट्रीय नेतृत्व को प्राप्त किया है, वह प्रेरणास्पद है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रोगी सेवा – इन चारों स्तंभों पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने पिछले पांच दशकों में नेतृत्व स्थापित किया है।

### देश को विश्वगुरु बनाने में आयुर्वेद और योग की प्रमुख भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश को विश्वगुरु बनाने में आयुर्वेद और योग की प्रमुख भूमिका रही है। आयुर्वेद के माध्यम से हम यह पहले से ही जान लेते हैं कि कौन से महीने में कौन सी बीमारी होगी और उसका उपचार कैसे किया जाए। उन्होंने कहा कि वेदों के साथ हमारे ऋषियों ने आयुर्वेद के माध्यम से मानव जीवन को समझा है। चरक, सुश्रुत, वाग्भट्ट जी जैसे महान वैद्यों ने इस विद्या को व्यवस्थित रूप दिया। उन्होंने कहा कि चरक संहिता में कहा गया है कि स्वस्थ शरीर धर्म का प्रथम साधन है। सुश्रुत को आज पूरा विश्व शल्य चिकित्सा का जनक मानता है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना 'भारत में उपचार और भारत द्वारा उपचार' है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक अलग आयुष मंत्रालय की स्थापना की गई। जिससे आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को नई ऊर्जा मिली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र में अपने प्रयासों से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित कराया। इससे न केवल योग, बल्कि पूरी भारतीय चिकित्सा परंपरा को विश्व मंच पर पहचान मिली। आयुर्वेद अनुसंधान में निवेश बढ़ाया गया, आयुर्वेद संस्थानों का विस्तार किया गया।





## पालनागृह : जिला जज ने एक वजन रखा, घंटी बजी और सिस्टम जाग उठा

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल के पालनागृह का सोमवार को जिला जज दीपा गुर्जर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने पालनागृह की मॉक ड्रिल कर सिस्टम की वास्तविक स्थिति परखी। जैसे ही पालना के बेड पर वजन रखा गया, आपातकालीन इकाई में लगी घंटी बज उठी और अस्पताल स्टाफ तत्परता से दौड़ते हुए पालनागृह पहुंच गया। जिला जज ने अस्पताल प्रबंधन से अब तक पालनागृह में छोड़े गए नवजात शिशुओं की संख्या की जानकारी ली। पीएमओ डॉ जितेन्द्र भांबू द्वारा बताया गया कि जिलेभर के पालनागृहो में बीडीके अस्पताल में सर्वाधिक नवजात शिशु छोड़े गए हैं तथा परिजनों की पहचान पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाती है। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने अस्पताल के मुख्यद्वार, स्वागत कक्ष, नवजात शिशु इकाई, ओपीडी सहित विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित आईईसी सामग्री का अवलोकन किया। उन्होंने पालनागृह संबंधी जागरूकता के लिए मुख्यद्वार पर बड़ा पोस्टर लगाने, धूप से फीकी हो रही आईईसी को पुनः प्रदर्शित करने तथा ओपीडी और आईपीडी में आमजन को पालनागृह की जानकारी देने के निर्देश दिए। जिला जज ने अस्पताल की साफ-सफाई, वार्ड और आईसीयू की सेवाओं को बेहतरीन बताया। साथ ही बीडीके अस्पताल में शीघ्र ही वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही की प्रक्रिया शुरू किए जाने की जानकारी दी। इस अवसर पर एडीजे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ महेन्द्र सोलंकी, पीएमओ डॉ जितेन्द्र भाम्बू, डॉ सिद्धार्थ शर्मा, डॉ नावेद सहित अन्य चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।

## एसीआई संस्थान में आशीर्वाद समारोह मनाया


जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सी.सै. स्कूल में आशीर्वाद समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञान की देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष विद्यालय निदेशक मनोज शर्मा विकाश शर्मा की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना के साथ किया गया जिसमें अल्सना ग्रुप ने भाग लिया। तत्पश्चात सॉन्ग हीर आसमानी व जनाबे आली नृत्य में विद्यार्थियों ने अपनी कला का जादु बिखेरा जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद विद्यालय के संगीत शिक्षक बिलाल अली द्वारा एक मधुर स्वर में एक गीत मै जहां रहुँ के माध्यम से सबको मंत्रमुग्ध किया। साथ ही कक्षा 11 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के द्वारा आधुनिक समय के विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए हौसलों की उड़ान नामक नाटक प्रस्तुत किया गया। कक्षा 12 की छात्रा गौरी शर्मा के द्वारा एकल गायन प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के डांस टीचर खलील द्वारा ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10 व 12 के प्री-बोर्ड टॉपर्स को गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल से सम्मानित किया गया। इस श्रृंखला में कक्षा 12 से रेसु, कक्ष 10 से रौनक को गोल्ड, कक्षा 12 से द्विज कक्षा 10 से जिया, कनिष्का शर्मा को सिल्वर व कक्षा 12 से गौतम सैनी कक्षा 10 से सुमैया को ब्रोन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ दिव्या रोहिल्ला ने अपने संबोधन में कहा कि यदि मेंटर व मेंटी एक दुसरे के प्रति निस्वार्थ भाव से समर्पित हो तो सफलता का अनुकरणीय उदाहरण पेश करते है। एसीआई संस्थान शिक्षा के इसी भाव व सम्बंध पर प्रगतिशील है।

कार्यक्रम के अंत में संस्था निदेशक मनोज शर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से प्रेरित करते हुए कहा कि सकारात्मक ऊर्जा, सही दिशा व बिना भय के बोर्ड परीक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले व परिवार, एसीआई संस्थान व स्वयं के सपनों को पुरा करें। साथ ही कक्षा 12 के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु कुछ उपयोगी टीप्स भी दिए। विद्यालय के फाउण्डेशन हेड विजय सैनी व दिव्या रोहिल्ला ने भी अपने विचारों से विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 11 की छात्रा, मुस्कान व खुशी तथा विद्यालय अध्यापिका रितिका बहुगुणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विजय सैनी, सुनिल कुमार, धमेन्द्र नागर, दिव्या रोहिल्ला, दिनेश वर्मा, राधेश्याम शर्मा, अशोक जांगिड़, महेन्द्र सिंह, राकेश चौधरी, दिनेश आचार्य, दिवेंक शर्मा, कविता राठौड़, दायम खान, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, पूनम शर्मा, नरेश कुमार, प्रशस्ति कसाना, हेमन्त जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील, यश शर्मा, बिलाल अली, आकाश योगी, खलील आदि उपस्थित थें।



## कोबरी-सार



## कछुआ रफ्तार में चल रहा रेल्वे अंडरपास का निर्माण

### शहरवासियों को दोनों साइड आवागमन में भारी परेशानी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** रेलवे अंडरपास का निर्माण कार्य पिछले चार महीने से कछुआ चाल से चल रहा है। जिसका स्थानीय नागरिकों ने रेलवे स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज करवाया है। रेलवे प्रबंधक जोधपुर के नाम भेजे गए ज्ञापन में बताया गया कि अंडरपास निर्माण कार्य प्रारंभ हुए लगभग चार माह बीत चुके हैं। मगर यहां ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य धीमी गति से किया जा रहा है इससे अंडरपास के दोनों साइड बसी हुई बड़ी आबादी का आवागमन बाधित हो गया है। पार्षद संदीप प्रजापत ने बताया कि रेलवे फाटक के एक ओर पुलिस थाना, तहसील कार्यालय, पंचायत समिति, पीडब्ल्यूडी कार्यालय तथा उपखंड कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यालय बने हुए है यह मार्ग अंडरपास निर्माण के कारण चार महीनों से अवरुद्ध पड़ा है। कार्य में शिथिलता के चलते आपातकालीन समय मे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पार्षद तौफीक गौरी ने बताया कि वर्तमान में जैन समाज के पूज्य गुरुदेव महाश्रमण का लाडनूं में प्रवास चल रहा है, जिससे नगर में बाहरी श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ गया है। ऐसे समय में अंडरपास निर्माण कार्य को तेज गति से करवाकर आमजन के लिए मार्ग खोलने की मांग की गई है। इस अवसर पर हाफिज मोहम्मद जावेद, हुसैन खान, इकबाल काजी, श्रवण नागपुरिया, जावेद बल्खी, तौफीक, अमन भुट्टा, आरिफ सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी और नागरिक मौजूद रहे।

## नटखट श्याम मंडल की 13वीं निशान पदयात्रा रवाना

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** नटखट श्याम मंडल सीकर की 13वीं निशान पदयात्रा श्रद्धा व उल्लास के साथ रवाना हुई। नटखट श्याम मंडल सीकर के कमल पटवारी ने बताया कि यात्रा में कुल 55 निशान, 11 चांदी के निशान एवं 151 पदयात्री शामिल हुए। समिति सदस्य नवरंग अग्रवाल एवं दीपांशु मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 7:15 बजे निशान पूजन के पश्चात गाजे-बाजे के साथ निशान पदयात्री भारत भूषण अग्रवाल के निवास स्थान, ज्ञान भारती स्कूल की गली, राधाकिशनपुरा से रवाना हुए। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात पदयात्री शशांक ऑटोमोबाइल फिटनेस सेंटर तक झूमते-गाते पहुंचे, जहां संदीप पटवारी द्वारा सभी पदयात्रियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात सभी यात्री बसों द्वारा मंडा मोड़ स्थित फार्म हाउस पहुंचे, जहां सदस्यों के लिए नाश्ते की व्यवस्था रही। समिति सदस्य सज्जन अग्रवाल एवं विनोद पटवारी ने बताया कि फार्म हाउस से सभी श्याम भक्त बाबा श्याम का निशान लेकर खाटूश्यामजी के लिए रवाना हुए। संपूर्ण निशान पदयात्रा मार्ग में पदयात्रियों के लिए जगह-जगह विश्राम, अल्पाहार एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई। समिति सदस्य बाबूलाल अग्रवाल एवं संतोष पटवारी द्वारा श्याम भक्तों की भोजन-पानी की व्यवस्थाओं का संचालन किया गया। समिति सदस्य संजय अग्रवाल एवं एलबी अग्रवाल ने बताया कि सायंकाल पदयात्रियों के लिए लोहारू धर्मशाला में अल्पाहार की व्यवस्था की गई तथा निशान यात्रा पूर्ण होने पर मंडा मोड़ फार्म हाउस में रात्रि भोजन की व्यवस्था की गई। यहीं पर साधारण समारोह के रूप में निशान पदयात्रा का समापन किया गया। यात्रा के दौरान प्रेम मंदिर परिसर में स्थित प्रसिद्ध सेल्फी प्वाइंट पर सभी पदयात्रियों ने निर्धारित ड्रेस कोड में एकत्र होकर सामूहिक ग्रुप फोटो भी खिंचवाई, जो हर वर्ष की परंपरा के अनुसार यात्रा की एक विशेष स्मृति रही। इस निशान यात्रा में समिति सदस्य ओमप्रकाश पटवारी, गोवर्धन अग्रवाल, जितेंद्र खेतान, गौरीशंकर मित्तल, अनुराग अग्रवाल, अमित चिरानिया, विष्णु अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, रामलखन गुप्ता महिला मंडल सहित सभी श्याम भक्तों का सराहनीय सहयोग रहा, जिसके लिए पदयात्रा में सम्मिलित सभी श्याम भक्तों ने आभार व्यक्त किया।

## ओपीडी 1500 मरीजों की, सोनोग्राफी मशीन का अभाव

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ ब्लॉक कांग्रेस सेवा दल की ओर से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मुकुंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि मुकुंदगढ़ सीएचसी पर आसपास के गांवों की बड़ी आबादी निर्भर है लेकिन सोनोग्राफी सुविधा नहीं होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों ने बताया कि सीएचसी पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर रोगियों को सोनोग्राफी जांच के लिए नवलगढ़ या झुंझुनू जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। कई बार आर्थिक रूप से कमजोर मरीज जांच नहीं करा पाते, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ज्ञापन में मांग की गई कि जनहित को ध्यान में रखते हुए मुकुंदगढ़ सीएचसी में शीघ्र सोनोग्राफी मशीन स्थापित की जाए ताकि क्षेत्रवासियों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## भाजयुमो की बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को सुबह साढ़े 11 बजे आयोजित की गई है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने बताया कि बैठक जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में आगामी पंचायत, निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं 16 फरवरी को भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा के सीकर आगमन पर स्वागत की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में भाजयुमो के जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि भाग लेंगे।

## चिकित्सा शिविर : डॉ प्रवीण हिसारिया देंगे अपनी सेवाएं

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के विप्र मंडल के प्रयासों से कस्बे के निवासी और एनआरआई अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक आस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ प्रवीण हिसारिया लंबे समय बाद अपने गृह क्षेत्र आ रहे है। वे यहां के लोगों से ना केवल मुलाकात कर विकास को लेकर चर्चा करेंगे। बल्कि अपने ?अनुभवों का फायदा देते हुए एक मेडिकल कैंप में छह घंटे तक रोगियों को परामर्श देंगे। विप्र मंडल के ओमप्रकाश सर्राफ ने बताया कि ने बताया कि डॉ प्रवीण हिसारिया, मूल रूप से नवलगढ़ कस्बे के है। उनके पिता शशि कुमार हिसारिया भी जाने-माने समाजसेवी है। डॉ प्रवीण हिसारिया अपने दादा स्व. सीताराम हिसारिया की स्मृति में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। यह शिविर 11 फरवरी बुधवार को सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक नवलगढ़ कस्बे के बावड़ी गेट के समीप विप्र मंडल परिसर में होगा। उन्होंने बताया कि डॉ प्रवीण हिसारिया आस्ट्रेलिया के प्रमुख सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में से एक रॉयल एडिलेड हॉस्पिटल में क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी विभाग के हैड है। ऑटोइम्यून, एलर्जी और इम्यून जैसी बीमारियों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्पेशलिस्ट है। इस शिविर में डॉ हिसारिया के साथ निर्मल हेल्थ केयर जयपुर के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी स्पेशलिस्ट डॉ बनवारी शर्मा तथा एसएमएस जयपुर के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी के स्पेशलिस्ट डॉ अविनाश जैन भी अपनी सेवाएं देंगे।

**इन रोगियों से कैंप में पहुंचने की अपील**-इस कैंप में गठिया, संधिवात, एलर्जी, प्रतिरक्षा संबंधी रोगियों के अलावा हर जोड़ के दर्द का परामर्श दिया जाएगा। कैंप में बच्चों से लेकर बड़े, जो भी इन बीमारियों से ग्रसित है वो आ सकेंगे। शिविर में आने से पहले रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। जिसके लिए मोबाइल नंबर 7976238316 तथा 9887920362 नंबरों को जारी किया गया है। कैंप में आवश्यकता होने पर सभी दवाइयां, रक्त जांच और एक्सरे की सुविधा भी फ्री होगी। सभी रोगियों से यह भी आग्रह किया गया है कि यदि वे पूर्व से बीमारी से संबंधी इलाज ले रहे है। तो रिपोर्ट साथ लेकर आएं। इस कैंप का संपूर्ण आयोजन शशिकुमार हिसारिया और उनके परिवार के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें हिसारिया परिवार के इस जनापयोगी आयोजन में विप्र मंडल व अन्य संस्थाएं सहयोगी के रूप में कार्य कर रही है।

कैंप में जांची जाने वाली बीमारियों के बारे में

कैंप में जिन बीमारियों की जांच होनी है या फिर परामर्श दिया जाना है। उनमें सबसे महत्वपूर्ण है रूमेटोलॉजिकल से जुड़ी बीमारियां। ये बीमारियाँ जोड़ों, हड्डियों, मांसपेशियों और नसों के आसपास के हिस्सों को प्रभावित करती हैं। जैसे आम तौर पर गठिया, जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न, रूमेटाइड आर्थराइटिस, शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अपने ही जोड़ों पर हमला करती है। एंकिलोज़िंग स्पॉन्डिलाइटिस, रीढ़ की हड्डी में जकड़न और दर्द। गाउट, यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ों में तेज दर्द। इसके अलावा कैंपस में ऑटोइम्यून बीमारियों का इलाज किया जाएगा। जिससे शरीर की इम्यून सिस्टम गलती से अपने ही शरीर पर हमला करने लगती है। जैसे लुपस, त्वचा, जोड़ों, किडनी आदि पर असर। रूमेटाइड आर्थराइटिस, सोरायसिस, थायरॉइड की कुछ बीमारियां, एलर्जिक बीमारियां, एलर्जिक राइनाइटिस, अस्थमा, स्किन एलर्जी, फूड एलर्जी, जोड़ों की बीमारियां, ऑस्टियोआर्थराइटिस, घुटनों में सूजन आदि का इलाज किया जाएगा।

## फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का पर्व

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। शिव का अर्थ है सदा कल्याणकारी। महाशिवरात्रि शिवतत्व की रात्रि है, जो मोक्ष प्रदान करने वाली मानी जाती है। व्रत, जागरण और रुद्राभिषेक से दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। स्कंद पुराण और शिव पुराण में महाशिवरात्रि को मोक्षदायिनी रात्रि बताया गया है। महाशिवरात्रि के साथ ही माघ मेला का अंतिम स्नान पर्व भी संपन्न होगा, जिसके बाद मेला क्षेत्र से संत-महात्मा और श्रद्धालु अगले वर्ष पुनरू आने का संकल्प लेकर तीर्थराज प्रयाग से विदा होंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार त्रयोदशी तिथि 14 फरवरी को अपराह्न 3:11 बजे से प्रारंभ होकर 15 फरवरी को शाम 4:23 बजे तक रहेगी। इसके बाद चतुर्दशी तिथि लगेगी, जो महाशिवरात्रि पर्व के लिए अनिवार्य मानी जाती है। महाशिवरात्रि की रात्रि में विशेष पूजा-अर्चना का विधान है। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को शाम 7:28 बजे तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा तथा इसके बाद श्रवण नक्षत्र का आरंभ होगा। वहीं कुंभ राशि में सूर्य, बुध, शुक्र और राहु के एक साथ संचरण से दुर्लभ चतुर्ग्रहीय योग बन रहा है।

इस विशेष योग में स्नान, दान और शिव उपासना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। डॉ. मिश्रा के अनुसार यौगिक परंपरा में भगवान शिव को देवता नहीं बल्कि आदिगुरु अर्थात प्रथम गुरु माना गया है। शिव से ही ज्ञान की उत्पत्ति मानी जाती है। मान्यता है कि सहस्त्राब्दियों के ध्यान के उपरांत जिस दिन भगवान शिव कैलाश पर्वत पर पूर्णतः स्थिर हुए, वही दिन महाशिवरात्रि के रूप में प्रतिष्ठित हुआ।

## शिक्षा और चिकित्सा की दिशा में समाज को आगे बढ़ाएं : शेख मेराज रब्बानी

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जमीअत अहले हदीस संस्था लाडनूं के तत्वावधान में अमन कॉफ्रेंस व इस्तकबाल रमजान कार्यक्रम का जावा बास में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न उलेमाओं ने मुस्लिम समाज को न्याय पालिका, महिला शिक्षा एवं चिकित्सा की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। शेख कमालुद्दीन सल्फी ने कहा कि महिलाओं का सुधार पूरे समाज का सुधार है उनका प्रभाव पूरे समाज पर रहता है। उन्होंने चुगल खोरी से बचने और अपने शौहर की इताअत करने की हिदायत दी। फजीलतु डॉ शमीम फौजी मदनी मुंबई ने नौजवानों में बुराईयों का इलाज विषय पर बोलते हुए कहा कि शराब, नशा, तंबाकू सभी सेहत के लिए हानिकारक है और इस्लाम ने शराब को हराम बताकर नशा करने से बचने की हिदायत भी दी है। उन्होंने आधुनिक शिक्षा के नाम पर फैल रही बुराईयों से समाज को बचाने के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। मुस्लिम समाज की इस्लामिक शिक्षा से दूरी और बुरी संगत को उन्होंने सबसे बड़ा नुकसान बताया। उन्होंने लाडनूं क्षेत्र में महिला शिक्षा के लिए मुस्लिम कॉलेज का निर्माण करने के लिए भामाशाहों को भी आगे आने का आह्वान किया।



### चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र में विकास जरूरी

फजीलत शेख डॉ सैयद मेराज रब्बानी मदनी ने अपने बयानों में तौहीद, शिर्क, सुन्नत और बिदआत पर कुरआन व हदीस से रोशनी डाली। उन्होंने मुस्लिम समाज के हालात सुधारने के लिए लाडनूं में महिला हॉस्पिटल बनवाने की अपील की। उन्होंने अपने बच्चों को अच्छे वकील और डॉक्टर बनाने की सलाह दी। साथ ही शादियों में दहेज के लेन देन पूरी तरह से बंद करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। अंत में जनता के सभी सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर प्रदेश भर से बड़ी संख्या में उलेमा और जमीअत अहले हदीस के लोग मौजूद रहे।

## घटिया तेल में तली जा रही थी फ्रेंच फ्राइज, 100 किलो दूषित सामग्री नष्ट

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को गौरव टावर स्थित दो रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की। इस दौरान मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट में अत्यंत घटिया व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य तेल के उपयोग का खुलासा हुआ। टीम ने मौके पर करीब 100 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट करवाई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ टी. शुभमंगला के निर्देश पर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने यह कार्रवाई की। सीएमएचओ डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मैकडॉनल्ड्स में फ्रेंच फ्राइज व अन्य खाद्य पदार्थ जिस रिफाइंड पामोलीन तेल में तले जा रहे थे, उसका टीपीसी निर्धारित अधिकतम सीमा 25 से कहीं अधिक पाया गया। उन्होंने बताया कि नॉनवेज फ्राई किए जाने वाले तेल का टीपीसी 28 और वेज खाद्य पदार्थों के लिए उपयोग किए जा रहे तेल का टीपीसी 31 पाया गया, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। टीपीसी अधिक होने पर तेल विषाक्त हो जाता है, जिससे कैंसरकारक तत्व बनते हैं और ट्रांस फैट की मात्रा बढ़ जाती है, जो हृदय रोगों का बड़ा कारण है। टीम ने पाया कि उपयोग में लिया जा रहा तेल अत्यधिक काला और अनुपयोगी हो चुका था, फिर भी लगभग 150 डिग्री सेल्सियस तापमान पर उसमें दिनभर खाद्य पदार्थ तले जा रहे थे। मौके से करीब 40 लीटर तेल नष्ट कराया गया तथा उसके नमूने जांच के लिए लिए गए। रेस्टोरेंट मैनेजर संभव भारद्वाज को तत्काल फ्रेश तेल उपयोग में लेने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत रेस्टोरेंट को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया जाएगा तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा कोल्ड रूम में प्लास्टिक कैरेट में रखे सड़े-गले 40 किलो टमाटर भी नष्ट करवाए गए। वहीं गौरव टावर स्थित एक अन्य रेस्टोरेंट चाट का चस्का में भी करीब 25 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई और खाद्य तेल का नमूना लिया गया। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, राजेश नागर सहित प्रोबेशनरी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम शामिल रही।

## मिलावटी पनीर का भंडाफोड़, 650 किलो जब्त कर किया नष्ट

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 650 किलो मिलावटी पनीर मौके पर ही नष्ट करवाया। यह कार्रवाई बालाजी की कोठी, चौकड़ी तोपखाना स्थित मदीना डेयरी एंड बेकर्स पर की गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ टी. शुभमंगला के निर्देश पर तथा अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा डॉ रवि शेखावत के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल, जयपुर प्रथम ने प्राप्त सूचना के आधार पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डेयरी परिसर में बड़ी मात्रा में पनीर पाया गया। जांच के दौरान फर्म मालिक मुस्तफा खान से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने पनीर को रामगढ़, अलवर से 200 प्रति किलो की दर से मंगवाना बताया। साथ ही यह भी स्वीकार किया कि उक्त पनीर तेल और मिल्क पाउडर आदि से तैयार किया गया है, जो खाद्य सुरक्षा मानकों के विपरीत है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत पनीर के नमूने जांच के लिए लिए तथा जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शेष करीब 650 किलो मिलावटी पनीर को मौके पर ही नष्ट करवाया। इस संबंध में अभिहित अधिकारी डॉ रवि शेखावत ने बताया कि निरीक्षण में पाई गई कमियों को लेकर संबंधित फर्म को नोटिस जारी किया जाएगा तथा नमूना जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बैठक 14 फरवरी को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाना प्रस्तावित है। अंतिम प्रकाशन के संबंध में आवश्यक चर्चा किए जाने तथा मतदाता सूचियों की प्रतियां उपलब्ध करवाए जाने के लिए 14 फरवरी को प्रातः 11 बजे बैठक आयोजित की जाएगी।

## डॉ पूनिया का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ सतीश पूनिया का रतनगढ़ में अल्प प्रवास पर पहुँचने रेलवे स्टेशन पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साफा, पुष्पहार एवं पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर पूनिया ने कहा भाजपा के हर एक कार्यकर्ता पार्टी का आधार स्तंभ है उन्हीं की बदौलत पार्टी विश्व सबसे बड़ी पार्टी है और पार्टी कार्यकर्ता हर कार्य को संकल्प से सिद्धि तक लेकर जाता हैं तभी जनमानस का विश्वास भाजपा के साथ है। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, संतोष तालनिया, दीनदयाल पारीक, गोपालकृष्ण शर्मा, ओम महर्षि, महेश सैनी, सुशील इन्दौरिया, जितेंद्र शर्मा, गौरीशंकर शर्मा, महेश शर्मा, राजेंद्र सोनी, भिवराज प्रजापत, किशनलाल घोड़ेला, हनीफ खत्री, राकेश गौड़, संदीप रांकावत, जगदीश पंवार, दीपचन्द प्रजापत, विमल शास्त्री, प्रदीप सैनी, चतुर्भुज प्रजापत, बलवीर स्वामी, नदीम चेजारा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।



## हिंदू धर्म सम्मेलन आयोजित

निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत चनाना एमडीआर 93 सड़क चनाना बाइपास तिराहे के पास विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

विराट हिंदू सम्मेलन के संरक्षक रामदेव महला थे। मुख्य वक्ता प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने सामाजिक सद्भावना बनाये रखने की जानकारी अपनी संबोधन में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को दी और जाती-पाति भेदभाव को भूलकर सभी समाज को एकजुट होकर रहना चाहिए। जैसे एक ट्यूबवेल से पानी भरना, एक शमशान घाट में दाह संस्कार करना और एक मंदिर में ही सभी को पूजा करना पूरे समाज के लिए एकजुट का संदेश देता है। दूसरे वक्ता एडवोकेट संजय सुरोलिया उन्होंने भी अपने उद्बोधन में आम व्यक्ति के आम नागरिक के



कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया की नर सेवा नारायण सेवा के रूप में नागरिकों मानव जाति की सेवा करनी चाहिए। असहाय व्यक्ति की सहायता करना दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने में सहायता करनी चाहिए । संत करणी राम के सानिध्य में हुए सम्मेलन में सामाजिक समरसता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का प्रबंध भाजपा जिला प्रवक्ता राजकुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुलदीप सिंह धीवा, कुल्हरी, राजेंद्र नूनियां, होशियार सिंह आदि मौजूद थे।

## यूडीएच मंत्री खर्रा ने शोक संवेदना प्रकट की

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के जालपाली मोड़, श्रीमाधोपुर में स्व. भीमसिंह बिजारणिया व्याख्याता, राठौड़ों की ढाणी, कंचनपुर में शहीद अग्निवीर करण सिंह राठौड़ तथा झाड़ली में स्व जयराम झाझड़िया रेलवे के आकस्मिक निधनोपरांत उनके घर पहुंचकर भारी मन से श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह असहनीय दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इन तीनों युवाओं का असमय जाना उनके परिवारों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गहरा आघात है। किसी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दिया और ज्ञान के माध्यम से समाज को दिशा दी, किसी ने राष्ट्रसेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया तो किसी ने कर्तव्यनिष्ठ सेवा के माध्यम से समाज को मजबूती दी और अपनी पहचान बनाई। ऐसे होनहार युवाओं का यूं चला जाना एक रिक्तता छोड़ जाता है, जिसे भर पाना संभव नहीं। उनके जीवन मूल्य, समर्पण और कर्म सदैव स्मरणीय रहेंगे।

इस कठिन समय में शोक संतप्त परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। पूरा विधानसभा क्षेत्र उनके दु:ख में सहभागी है। ईश्वर परिवारजनों को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति और संबल प्रदान करें।

# प्रिंस में एनडीए एसएसबी चयनित 34 कैडेट्स का हुआ सम्मान

सुरेन्द्र शर्मा




**सीकर ( नवयत्न )।** प्रिंस एनडीए एकेडमी एवं प्रिंस सैनिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह क्रेसेंडो का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाल ही में एनडीए एसएसबी में चयनित हुए 34 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। चयनित 15 विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के साथ ही यह सफलता हासिल की है। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर बीबी जानू, ब्रिगेडियर एचएस पिलखवाल, ब्रिगेडियर जय सिंह, ब्रिगेडियर राजकुमार बलवदा, एकेडमिक हेड पवन कुमावत, प्रबंधन सदस्य शिप्पी सुण्डा, निरुपम सुण्डा आदि ने चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को माल्यार्पण, साफा पहनाकर, 31 हजार रू. नकद पुरस्कार, लैपटॉप बैग, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर अभिभावकों सहित सम्मानित किया गया। समारोह में चयनित कैडेट्स एवं अभिभावकों ने प्रिंस के साथ अपनी सफलता की यात्रा के अनुभव भी शेयर किये। इस दौरान प्रिंस एनडीए एकेडमी व सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग थीम एवं संदेश पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। विगत एक वर्ष में प्रिंस के एनडीए एकेडमी के 58 एवं चार वर्षों में 147 कैडेट्स एनडीए, टीईएस, सीडीएस आदि एसएसबी में अंतिम रूप से चयनित हो चुके हैं। प्रिंस में कक्षा 6 से 12वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ब्रिगेडियर एवं कर्नल रैंक के 11 डिफेंस ऑफिसर्स द्वारा डिफेंस व सिविल सर्विसेज जैसी उच्च प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा ने कहा कि प्रिंस में एनडीए यूपीएससी एवं एसएसबी एक्सपर्ट टीम द्वारा लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू की तैयारी के साथ ही कैंपस में विभिन्न एक्टिविटीज एवं खेलकूद द्वारा विद्यार्थियों के ओवरऑल पर्सनैलिटी डवलपमेंट के कारण ही एनडीए एसएसबी जैसी उच्च स्तरीय परीक्षा में प्रिंस से एक के बाद एक लगातार सलेक्शन हो रहे हैं।

# अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी परिसर में राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे अंतरंग क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धतियां सुरक्षित व प्रभावी हैं। इस प्रकार के विशेष शिविरों से आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होती हैं तथा गंभीर रोगों के उपचार में भी लाभ मिलता है। उन्होंने अधिक से अधिक रोगियों को शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने की बात कही। इसी क्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने शिविर हेतु प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयुर्वेद विभाग के डॉ सत्यवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर 11 फरवरी से 20 फरवरी, 2026 तक चूरू जिला मुख्यालय पर प्रतिभा नगर स्थित राजकीय एकीकृत जिला आयुष चिकित्सालय में आयोजित किया जाएगा। शिविर में आमजन को आयुष पद्धति से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि शिविर में क्षार सूत्र विधि से पाईल्स भगन्दर सहित मल द्वार के रोगों की शल्य चिकित्सा द्वारा नि:शुल्क इलाज किया जाएगा तथा भोजन व आवास की व्यवस्था भी नि:शुल्क होगी। इस 10 दिवसीय शिविर मे अन्य रोगों के भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जाएगा और पंचकर्म, अग्निकर्म, स्त्री रोग तथा सामान्य चिकित्सा से भी लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक डॉ राधेश्याम, उपनिदेशक डॉ सत्यवीर सिंह, शिविर प्रभारी डॉ मनीराम शर्मा, डॉ ओमप्रकाश चॉयल, डॉ राम कृष्ण शर्मा, डॉ नीतू, डॉ अजय कौशिक, योगेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।

# राज्य बीमा पॉलिसी परिपक्वता दावे 10 तक ऑनलाईन भिजवाना अनिवार्य

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सीकर सरिता सैनी ने बताया कि समस्त राज्य कर्मचारी जिनका जन्म 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 के मध्य हुआ है, उनके जीवन पर जारी राज्य बीमा की पॉलिसी 1 अप्रैल 2026 को भुगतान के लिए परिपक्व होने जा रही है। ऐसे समस्त राज्य कर्मचारी अपने परिपक्वता दावे एवं पदस्थापन विवरण के लिए परिशिष्ट क (दोनों तरफ से), मूल बीमा पॉलिसी, बीमा पासबुक, रिकॉर्ड बुक, कैंसिल चेक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति तथा बीमेदार द्वारा बढ़ाई गई अंतिम बीमा कटौती से संबंधित अधिक घोषणा पत्र सहित आवश्यक समस्त दस्तावेज अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी से एसआईपीएफ पोर्टल पर 10 फरवरी तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर ऑनलाईन भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि स्वत्व राशि के भुगतान की कार्यवाही नियत समय पर की जा सके। उन्होंने बताया कि समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हुए शत-प्रतिशत ऑनलाईन आवेदन भिजवाया जाना सुनिश्चित कराएं।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णत: वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

# राष्ट्रीय ऋण योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु पात्र आवेदकों के साक्षात्कार 11 को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय ऋण योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निधारित लक्ष्यों के विरूद्व अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग, दिव्यांगजन वर्ग, सफाई कर्मचारी वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों में से पात्र आवेदकों का 11 फरवरी, 2026 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पुराने कार्यालय भवन में सवेरे 10 बजे से साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। अनुजा निगम परियोजना प्रबंधक नगेन्द्र सिंह ने बताया कि संबधित आशार्थी साक्षात्कार में अपने साथ ऑनलाइन किए गए आवेदन प्रपत्र का प्रिंट आउट, जाति प्रमाण पत्र, जनाधार कार्ड की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, राशनकार्ड की प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र अगर लागू हो एवं बैंक पासबुक प्रति साथ लेकर उपस्थित हो। साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होने वाले आशार्थियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

# टायर से निकली चिंगारी से केमिकल से भरे ट्रक में लगी आग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली अजमेर हाईवे पर भांकरोटा थाना इलाके में सोमवार अल सुबह पुलिस की सूझबुझ से बड़ा हादसा टल गया। टायरों से निकली चिंगारी से केमिकल से भरे ट्रक ने अचानक से आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। जिसके बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल विभाग की गाड़ियों के आने से पहले आग पर काबू पाने का प्रयास किया। थानाधिकारी श्रीनिवास जांगिड़ तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बिना किसी देरी के हाईवे पर यातायात रोक दिया और आसपास के वाहनों को सुरक्षित दूरी पर ले जाने का प्रयास किया। दमकल विभाग की गाड़ी के आने से पहले ही पुलिसकर्मियों ने मौके पर उपलब्ध अग्निशमन यंत्रों का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। पुलिस के इस प्रयास से आग पर काबू पाया गया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रक को क्रेन की सहायता से रोड से साइड में किया और यातायात सुचारु करवाया।

# श्री श्याम कृपा उत्सव 12 को

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर सिल्वर एसोसिएशन के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 12 फरवरी को श्री श्याम कृपा उत्सव का भव्य आयोजन पृथ्वीराज रोड, सेंट्रल पार्क के सामने स्थित बी-5 परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन के बहुरंगी पोस्टर का विमोचन राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने किया। पोस्टर विमोचन के अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्ज्वल डेरेवाला, सचिव राहुल जैन, उपाध्यक्ष अभिषेक बंसल और इनोवेशन सचिव करण बुचरा भी मौजूद रहे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि उत्सव के दौरान श्याम बाबा का नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा। इस अवसर पर इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा और बाबा को छप्पन भोग लगाया जाएगा, साथ ही भक्ति संध्या में अपनी सुरीली आवाज से बाबा को कोलकाता के विष्व विख्यात कोलकाता के सौरभ शर्मा, जयपुर के मामराज अग्रवाल, गोविंद शर्मा व महेश परमार सहित अन्य कलाकार भजनों से बाबा को रिझाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से फूलों की होली और चंग धमाल का आयोजन भी किया जाएगा, इस भव्य आयोजन में राजनीति और समाजसेवा से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां शिरकत करेगी। जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी कैबिनेट मंत्र जोरा राम कुमावत एवं केके विश्नोई, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा एवं बालमुकुंदाचार्य, भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल व एनजीजेसीआई के अध्यक्ष प्रमोद डेरेवाला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

# फुटबॉल में लड़के व लड़कियों ने स्किल टेस्ट में लगाई पूरी ताकत



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सवाई मान सिंह स्टेडियम में राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा आयोजित की जा रही अकादमियों, बालिका खेल संस्थानों की चयन ट्रायल के अंतर्गत सोमवार को फुटबॉल में लड़के एवं लड़कियों ने स्किल टेस्ट में पूरी ताकत लगाई। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा गठित कमेटी ने बारीकी से नजर रखी। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने बताया कि सोमवार को ही बालिका वालीबॉल अकादमी-जयपुर 70, बालक वालीबॉल अकादमी-झुंझुनू 95, बालिका आवासीय खेल संस्थान बॉक्सिंग खेल-जयपुर 7, बालिका आवासीय खेल संस्थान भारोत्तोलन खेल-जयपुर 14 के लिए कुल 186 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन एवं मेडिकल के बाद बैटरी टेस्ट लिया गया। इनके स्किल टेस्ट मंगलवार को होंगे।

# डिग्री के साथ टैलेंट भी आवश्यक : विधायक भाम्बू

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जेजेटी यूनिवर्सिटी में सोमवार को नेशनल यूथ फेस्टिवल रिदम ऑफ यूथ-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक भांबू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डिग्री के साथ टैलेंट भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य रचनात्मक कलाओं में भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई युवा नीति में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान एवं नई शिक्षा नीति जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम शामिल हैं। विधायक भांबू ने कहा कि यदि भारत को विश्व गुरु बनाना है तो नई शिक्षा नीति को मानवीय मूल्यों के साथ प्रभावी रूप से लागू करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को समय एवं अनुशासन का पालन करते हुए हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता ने कहा कि आज का युग स्किल और हुनर का युग है। जिसके पास कौशल है, भविष्य उसी के हाथ में है। उन्होंने कहा कि यह परंपराओं को केवल निभाने का नहीं बल्कि नवाचार का युग है। नए प्रयोगों के माध्यम से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने बताया कि जेजेटी यूनिवर्सिटी भारत को विश्व गुरु बनाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ विनोद टीबड़ेवाला एवं उमा विशाल टीबड़ेवाला ने मुंबई से ऑनलाइन माध्यम द्वारा देशभर से आए प्रतिभावान विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार ने किया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के पहले दिन 9 फरवरी को इंडियन सोलो सिंगिंग, हिंदी डिबेट एवं इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान को 11000, द्वितीय स्थान को 5100 तथा तृतीय स्थान को 3100 पुरस्कार राशि के साथ स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र दिए। इस अवसर पर इंजीनियर बीके टीबड़ेवाला, प्रेमलता टीबड़ेवाला, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता, खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार सहित डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ इकराम कुरैशी, डॉ रामनिवास सोनी, डॉ धर्मेन्द्र कुमार, डॉ धनेश कुमार मीणा, डॉ अनन्ता शांडिल्य, डॉ नाजिया हुसैन एवं डॉ वीडी गुप्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## पहले दिन हुई प्रतियोगिताओं के विजेता

**गायन प्रतियोगिता**-प्रथम स्थान हरिनारायण डांगी यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान। द्वितीय स्थान मानसी बारठ जेजेटी यूनिवर्सिटी। तृतीय स्थान हिमांशु शर्मा लोहिया कॉलेज, चूरू।

**हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता**-प्रथम स्थान मेघना पारीक मॉडर्न टीटी कॉलेज, चूरू। द्वितीय स्थान मानसी बारठ, जेजेटी यूनिवर्सिटी एवं कृष्णा कोका लोहिया राजकीय कॉलेज, चूरू। तृतीय स्थान पुलकित चौधरी लोहिया राजकीय कॉलेज, चूरू।

**अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता**-प्रथम स्थान खुशी गिन्नी देवी सत्यनारायण शेखसरिया कन्या महाविद्यालय, चिड़ावा। द्वितीय स्थान दीपांशी यादव राजस्थान कन्या महाविद्यालय, चूरू। तृतीय स्थान रितिका शर्मा जेजेटी यूनिवर्सिटी एवं हेत ठक्कर जीएसएफसी यूनिवर्सिटी, गुजरात।

# व्यापारियों से फिरौती मामले में न्यायालय ने आईओ को हटाया

## तीनों आरोपियों भेजा जेल

निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** शहर के व्यापारियों को कथित रूप से रेकी कर अंतर्राष्ट्रीय नंबरों से व्हाट्सएप कॉल, मैसेज और फोटो भेजकर फिरौती मांगने तथा जान से मारने की धमकियां देने के मामले में सोमवार को एसीजेएम क्रम-1 न्यायालय से महत्वपूर्ण न्यायिक घटनाक्रम सामने आया। न्यायालय ने पुलिस की पुलिस कस्टडी रिमांड की मांग खारिज करते हुए तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया और मामले के अनुसंधान अधिकारी पुलिस थानाधिकारी विजेंद्र सिंह को जांच से हटाने के आदेश दिए।

### पुलिस रिमांड मांग अस्वीकार

पुलिस ने चार दिन की पुलिस कस्टडी पूरी होने के बाद आरोपियों रघुराज सिंह शेखावत उर्फ पम्मी, परविंदर सिंह उर्फ सन्नी और मनोज कुमार साईं को न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने रघुराज का पुन: 4 दिन का पुलिस रिमांड और अन्य दो आरोपियों का 15 दिन का जेसी रिमांड मांगा लेकिन न्यायालय ने पुलिस की दलीलों को स्वीकार नहीं किया और तीनों को सीधे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश दिया।

### टॉर्चर पर न्यायालय की सख्त टिप्पणी

कार्यवाही के दौरान न्यायालय ने यह माना कि पूर्व पुलिस कस्टडी में रहे आरोपी रघुराज सिंह उर्फ पम्मी के साथ प्रथम दृष्टया टॉर्चर के संकेत दिखाई देते हैं। इसे गंभीर मानते हुए न्यायालय ने अतिरिक्त पुलिस कस्टडी देने से इनकार किया। इसी संदर्भ में अदालत ने जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए संबंधित आईओ विजेंद्र सिंह को केस की जांच से अलग करने के निर्देश दिए।

### डिजिटल साक्ष्यों पर आधारित पुलिस का दावा

पुलिस के अनुसार मामले की जांच मोबाइल कॉल डिटेल, विदेशी नंबरों से कॉल, व्हाट्सएप चैट, स्क्रीनशॉट, मोबाइल डेटा तथा कथित लेनदेन के नोट्स जैसे डिजिटल साक्ष्यों पर आधारित है। पुलिस का दावा है कि इस कथित नेटवर्क के तार अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में बंद अपराधियों से जुड़े हैं जहां से स्थानीय व्यापारियों की जानकारी जुटाकर उन्हें धमकाने की साजिश रची जा रही थी।

### बचाव पक्ष ने उठाए सवाल

आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नत्थू सिंह तंवर और हरीश कुमार देवंदा ने पैरवी करते हुए पुलिस कार्रवाई और कस्टडी के दौरान व्यवहार पर गंभीर सवाल उठाए।


# जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित



**लाडनूं ( नवयत्न )।** पाबोलाव क्षेत्र स्थित गायत्री री ढाणी में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरी शंकर सैनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में समाज को संस्कार, साधना और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। गायत्री परिवार व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज निर्माण का निरंतर कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ऑडिंट, सीताराम पारीक, गोपाल स्वामी, लीलाधर बैद्य, प्राचार्य गौतम उपाध्याय सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थापिका एवं संयोजिका डॉ ईशा गुर्जर ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा वर्ष भर सामाजिक, रचनात्मक, आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिन पर समय-समय पर संगोष्ठियों के माध्यम से चर्चा कर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम व्यवस्थापक ओम प्रकाश गुर्जर निदेशक बापूजी नर्सिंग कॉलेज ने गायत्री परिवार से जुड़ने से जीवन में होने वाले परिवर्तन के बारे में विस्तार से बताया। अंत में सभी मेहमानों का आभार ज्ञापित किया।

# सविता माली आर्ट इनोवेशन पेंटिंग पुरस्कार शर्मा को



**जयपुर ( नवयत्न )।** कला-मर्मज्ञ स्वर्गीय सविता माली की स्मृति में शुरू किए गए सविता माली आर्ट इनोवेशन पुरस्कार के तहत पिंकफेस्ट जयपुर 2026 में पेंटिंग के लिए श्रवण शर्मा को सम्मानित किया गया। पुरस्कार के अंतर्गत उन्हें अभिनंदन पत्र, स्मृति चिह्न एवं 25 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। श्रवण शर्मा की चित्रकला में रंगों का सजीव प्रवाह, भारतीय जनजीवन और प्राकृतिक सौंदर्य की प्रभावी अभिव्यक्ति को सराहा गया। उल्लेखनीय है कि सविता माली स्वयं एक उत्कृष्ट चित्रकार थी और कला व कलाकारों के प्रोत्साहन की भावना से प्रेरित होकर उनके परिवार ने विभिन्न कला क्षेत्रों में यह पुरस्कार प्रारंभ किया है।

# शादी समारोह में लाखों के गहनों से भरा बैग चोरी

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमेर थाना इलाके में दिल्ली के दम्पति को जयपुर में अपनी बेटी की शादी करना भारी पड़ गया। शादी समारोह के दौरान अज्ञात नकबजन लाखों रुपयों के सोने-चांदी से भरा बैग चोरी कर फरार हो गया। बैग चोरी होने की सूचना मिलने पर शादी समारोह में हड़कम्प मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और अज्ञात नकबजन के खिलाफ लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने का मामला दर्ज किया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर छानबीन शुरु कर दी है। एएसआई जगराम ने बताया कि न्यू दिल्ली के मोती नगर निवासी सुरिन्द्र शर्मा ने मामला दर्ज कराया है कि 6 फरवरी को उनकी बेटी की शादी का कार्यक्रम आमेर के कूकस स्थित रोशन हवेली रिसोर्ट में था। शादी कार्यक्रम के लिए वह रिसोर्ट में आए हुए थे। रात को शादी की रस्मों के दौरान पत्नी ने बैग पास ही कुर्सी पर रख लिया। इसी दौरान मौका पाकर बदमाश नजर बचाकर कुर्सी पर रखा गहने-कैश से भरा बैग पार कर ले गए। कुछ ही देर बाद संभालने पर बैग गायब मिला। काफी तलाश के बाद भी बैग का पता नहीं चला। बैग चोरी की सूचना पर आमेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

## सम्पादकीय

# किसानों की आशंकाएं



बीते शनिवार जारी किए गए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रारूप को लेकर उठ रहे सवालों ने फिर उस मूलभूत सवाल को पुख्ता किया है कि मुक्त व्यापार समझौते की कीमत कौन चुकाएगा? साथ ही यह भी कि इसका लाभ किसे मिलेगा? इस समझौते से जुड़ी आशंकाओं को लेकर कुछ किसान संगठन आगामी 12 फरवरी को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। निस्संदेह, उनकी आशंकाएं सिर्फ सोयाबीन तेल, सूखे अनाज और सेब पर आयात शुल्क में छूट को लेकर ही नहीं हैं, बल्कि विश्वास, पारदर्शिता और भारतीय कृषि के भविष्य को लेकर भी हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार दावा कर रही है कि किसान हितों की रक्षा के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। निस्संदेह, कागजों पर तो ये आश्वासन राहत देने वाले लगते हैं, लेकिन व्यवहार में किसानों की आशंकाओं से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ व न्यूजीलैंड के साथ हुए पिछले मुक्त व्यापार समझौतों के कारण सस्ते आयात में भारी वृद्धि हुई, फलत- कमजोर किसानों की दशा खराब हुई। निर्विवाद रूप से भारी सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी सेब से हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों के लिए मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण होगा। हिमाचल के सेब उत्पादक संगठनों का कहना है कि अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क पचास से 25 प्रतिशत करना व न्यूनतम आयात मूल्य 50 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम करने से यह स्वदेशी प्रीमियम सेवा के दाम पर बाजार में बिकने लगेगा। जिसके चलते भारतीय उपभोक्ता समान मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले अमेरिकी सेब को तरजीह देंगे। साथ ही सेब का कोल्ड स्टोरेज में संग्रह करना अलाभकारी हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार का दावा है कि कृषि और दुग्ध उद्योग संरक्षित रहेंगे। जबकि संयुक्त समझौते में कृषि और खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क कम करने और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने की बात कही गई है। कम आय, बढ़ती लागत और बढ़ते कर्ज से जूझ रहे किसानों को इन गंभीर मुद्दों पर स्पष्टता चाहिए। यही वजह है कि कई किसान संगठनों, विपक्षी दलों और कुछ राज्य सरकारों ने मांग की है कि इस समझौते का पूरा विवरण संसद के समक्ष रखा जाए। निस्संदेह, यह मांग तार्किक है क्योंकि व्यापार समझौते भी घरेलू कानूनों की तरह ही आजीविका को गहराई तक प्रभावित करते हैं। कृषि विशेषज्ञ मान रहे हैं कि मजबूत घरेलू समर्थन, उचित मूल्य, सब्सिडी, बुनियादी ढांचे और जोखिम संरक्षण दिए बिना, बाजारों को खोलने के कदम छोटे और सीमांत किसानों पर भारी पड़ सकते हैं। इसी फिक्र के चलते हड़ताल एक चेतावनी है। यदि सरकार का मानना है कि यह समझौता वास्तव में किसानों के हितों को प्राथमिकता देता है तो उसे पारदर्शिता, संसदीय बहस और सार्थक परामर्श के माध्यम से इसे साबित भी करना चाहिए। अन्यथा, सुधारों की कहानी एक बार फिर देश के अन्नदाता की चिंताओं को दूर करने में विफल रहेगी। इसी तरह देश के सेब उत्पादकों को भी आश्वस्त करना होगा कि उनके सेब की खुशबू बरकरार रहेगी।

## विशेष आलेख

# राजनीतिक कटुता की बंधक संसद

## कार्यवाही को बाधित करना कभी स्वीकार्य नहीं



नेताओं का तो पता नहीं, मगर संसद के बजट सत्र में जारी हंगामा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नहीं बोल पाए तो विपक्ष के जवाबी हंगामे के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चर्चा का जवाब नहीं दे सके। हंगामे के दौरान आसन पर कागज फाड़ कर फेंकने के आरोप में विपक्षी दलों के आठ सांसदों को शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया, जो संसद परिसर में धरने पर बैठ गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आंकड़े दिए हैं कि 28 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू संसद के बजट सत्र में अभी तक हंगामे के चलते 19 घंटे, 13 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है।

जाहिर है कि इस सबके लिए कोई अपनी जिम्मेदारी नहीं स्वीकारेगा। किसी एक पक्ष को जिम्मेदार ठहराने से बात बनेगी भी नहीं। दरअसल इसके मूल में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच की राजनीतिक कटुता ही है। बढ़ती कटुता के लिए दोनों पक्षों के पास अपने-अपने कारण हो सकते हैं, लेकिन संसद ही उसकी बंधक बनती नजर आए तो कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव प्रधानमंत्री के जवाब के बिना ही ध्वनिमत से पारित होने की नौबत सामान्य घटना नहीं है। बेशक 2004 में भी ऐसा ही हुआ था, मगर गलतियां दोहराने के लिए नहीं, बल्कि सबक सीखने के लिए भी होती हैं। दोनों ही परिस्थितियां गलत हैं, जिनसे बचने का रास्ता निकालने की जिम्मेदारी लोकसभा अध्यक्ष की भी बनती है। आखिर वे सदन के संरक्षक हैं।

इस टकराव की शुरुआत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक का संदर्भ प्रस्तुत करने से हुई। इसके जरिये राहुल गांधी ने यही दावा किया कि गलवन में चीनी सैनिकों की घुसपैठ के समय सेनाध्यक्ष को यह कहकर कि 'जो उचित समझो, वह करो।' सरकार के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। राहुल गांधी कांग्रेस के नेता ही नहीं, बल्कि नेता प्रतिपक्ष के संवैधानिक पद पर भी आसीन हैं। एक बार नाकाम कोशिश से अपनी मंशा का संदेश देने के बाद वे अभिभाषण के अन्य बिंदुओं पर अपना भाषण केंद्रित करने की समझदारी दिखाते हुए जनरल नरवणे की पुस्तक से संबंधित विवाद से जुड़ी बात को सदन के बाहर भी कर सकते थे।

यह सवाल भी अनुत्तरित है कि क्या ऐसा मध्यमार्ग निकालने की पहल लोकसभा अध्यक्ष या सत्तापक्ष की ओर से की गई? अतीत का अनुभव बताता है कि संवेदनशील और तल्ख मुद्दों पर दोनों पक्षों द्वारा लचीला रुख अपना कर ही सदन सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। लोकसभा में राहुल गांधी को पुस्तक के अंश पढ़ने से रोकने के लिए तर्क दिया गया कि जो पुस्तक अभी तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका हवाला संसदीय चर्चा में नहीं दिया जा सकता। अगले दिन धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का प्रधानमंत्री द्वारा शाम पांच बजे के लिए तय जवाब बिना ही हंगामे के बीच सदन स्थगित हो गया। इस दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कुछ पुस्तकों के हवाले से जिस तरह देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का चरित्र हनन करते हुए नेहरू परिवार पर प्रहार किए, उससे भी सत्तापक्ष और विपक्ष में तल्खी बढ़ी। लोकसभा अध्यक्ष का यह रहस्योद्घाटन तो और भी गंभीर है कि उनकी सलाह पर ही प्रधानमंत्री सदन में नहीं आए, क्योंकि उनके साथ कुछ अनहोनी हो सकती थी। यह सवाल भी अनुत्तरित है कि राज्यसभा के सभापति को आगाह करने समेत अनहोनी की साजिश रचने वाले सांसदों के विरुद्ध लोकसभा अध्यक्ष ने इस मामले में क्या कार्रवाई की? ध्यान रहे कि प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का अगले ही दिन जवाब दिया। ओम बिरला लोकसभा में जिस साजिश की बात कह रहे हैं, वह राज्यसभा में भी तो रची जा सकती थी? प्रधानमंत्री के जवाब का फोकस अभिभाषण के बिंदुओं तथा विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों से ज्यादा कांग्रेस और नेहरू परिवार की आलोचना पर केंद्रित रहना भी सवाल खड़े करता है।

राजनीति में हिसाब बराबर करने की प्रवृत्ति पुरानी है, लेकिन आरोप-प्रत्यारोप का खेल संसद के बाहर खेला जाना चाहिए, उसके लिए संसदीय कार्यवाही को बाधित करना कतई स्वीकार्य नहीं हो सकता। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ती कटुता के मूल में भी एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहकार के बजाय अपमानजनक उपेक्षा भाव की मानसिकता ही जिम्मेदार है। सत्ता पर स्वयं की स्वाभाविक दावेदारी की मानसिकता से ग्रस्त कांग्रेस इस सच से मुंह मोड़े रहना चाहती है कि नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार बहुमत प्राप्त सरकार के प्रधानमंत्री हैं, जबकि उसे नेता-प्रतिपक्ष का दर्जा प्राप्त करने के लिए भी दस साल इंतजार करना पड़ा। बेशक भाजपा भी 'कांग्रेस मुक्त भारत' बनाने के अपने सोच से बाहर नहीं निकल पा रही, जबकि सच यह है कि 2014 में मात्र 44 लोकसभा सीटों पर सिमट गई कांग्रेस 2024 में 99 सीटों तक पहुंच चुकी है और तीन राज्यों में उसकी सरकार भी है।

राजग को शासक तो आइएनडीआइए को विपक्ष की भूमिका जनता ने ही सौंपी है, जिसे लोकतंत्र में जनार्दन कहा जाता है। बेशक ये भूमिकाएं स्थायी नहीं हैं। इसलिए जिस लोकतंत्र की दुहाई देते हुए दोनों पक्ष एक-दूसरे को कोसते हैं, उसका भी तकाजा है कि वे अपनी राजनीतिक कटुता में संसद को बंधक बनाने के बजाय परस्पर संवाद के जरिये देश हित में समन्वय से काम करने का सोच और कार्यशैली विकसित करें। दोनों ही पक्ष अगर राजनीतिक कटुता से मुक्त नहीं हो सकते, तो कम से कम उसे संसद के बाहर चुनावी मोर्चों पर ही जताने की परिपक्वता उन्हें दिखानी चाहिए। देश किसी भी दल या नेता से बड़ा है। तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में तमाम चुनौतियों से देश को पार ले जाने की जिम्मेदारी सामूहिक है। इसलिए प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को सीधे संवाद और संपर्क से महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति और समन्वय की राह निकालनी चाहिए, पर उसके लिए परस्पर सम्मान भाव पहली अनिवार्य शर्त है।

## आज का राशिफल

### मेष

नौकरी में पदोन्नति होगी। गृहस्थ जीवन में भी आनंद का वातावरण छाया रहेगा। व्यापार के उद्देश्य से कहीं बाहर भी जाना हो सकता है। आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी।

### वृष

विवाहोत्सुक लोगों को जीवन साथी प्राप्त होने के योग हैं। रुचिकर भोजन प्राप्त होगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी।

### मिथुन

आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

### कर्क

क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

### सिंह

आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वाणी और व्यवहार उग्रता न हो, इसका ध्यान रखें।

### कन्या

पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। परिजनों के साथ गलतफहमी न हो इसका ध्यान रखें। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें। धन का अधिक खर्च होगा।

### तुला

आपके लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा। किसी प्रवास या पर्यटन स्थल पर जाने से दिन रोमांचक बन जाएगा।

### वृश्चिक

काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है। कहीं जाने का कार्यक्रम आज हो सकें, तो टाल दें। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

### धनु

नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा।

### मकर

मित्रों और स्वजनों के साथ वैचारिक स्तर पर मनमुटाव हो सकता है। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की भावना रहेगी। धार्मिक काम में धन का खर्च होगा। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है। विवाद या झगड़े से हर संभव दूर रहें।

### कुंभ

आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी।

### मीन

आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है। आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुख और असंतोष की भावना हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

## स्वास्थ्य समाचार

# ज्यादा पानी पीने से हो सकती है वॉटर टॉक्सिसिटी की समस्या

हमने बचपन से सुना होता है कि पानी पीना हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर से टॉक्सिन्स निकालने के साथ हमें हेल्दी रखने में भी मदद कर सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जरूरत से ज्यादा पानी पीना भी आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है? जी हां, हमारे शरीर की पानी सोखने की भी क्षमता होती है, ऐसे में अगर हम जरूरत से ज्यादा पानी पीते हैं, तो यह वॉटर टॉक्सिसिटी का कारण बन सकता है। वहीं इसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं।



### क्या है वॉटर टॉक्सिसिटी

वॉटर टॉक्सिसिटी एक प्रकार की स्थिति होती है, जो एक बार में ज्यादा पानी पीने के कारण होने लगती है। ऐसे में किडनी में पानी जमा होने लगता है, साथ ही ब्लड में सोडियम की मात्रा कम हो जाती है। इस कारण शरीर पानी को पचाने में मुश्किल होती है, जो कई परेशानियों का कारण बनने लगता है।

### वॉटर टॉक्सिसिटी के लक्षण

वॉटर टॉक्सिसिटी यानि पानी के ज्यादा सेवन से शरीर में ओवर हाइड्रेशन होना। ऐसे में शरीर पानी को सोख नहीं पाता और उसे शरीर से बाहर निकालने की कोशिश करता है।

- ओवर हाइड्रेशन के कारण व्यक्ति को थकावट, सुस्ती और एनर्जी की कमी महसूस हो सकती है।
- ऐसे में अचानक सिरदर्द या शरीर में दर्द की परेशानी होने लगती है।
- मसल्स में दर्द और कमजोरी होते जाना।
- जी मिचलाना या उल्टी-मतली जैसा महसूस होना।
- बार-बार यूरिनेट के लिए जाने की जरूरत होना।

### वॉटर टॉक्सिसिटी से बचने के लिए अपनाएं ये टिप्स

- अगर आपको एक्सरसाइज के दौरान ज्यादा पानी पीने की आदत है, तो इलेक्ट्रोलाइट्स का सेवन करें।
- जूस और नारियल पानी जैसी इलेक्ट्रोलाइट्स की प्राकृतिक चीजों का सेवन करें।
- ज्यादा प्यास लगने पर भी ज्यादा पानी एक बार में नहीं पियें।
- हमेशा अपनी क्षमता के मुताबिक ही पानी पियें।
- अब ऐसे में सवाल आता है कि एक दिन में कितना पानी पीना सुरक्षित है। साथ ही पानी पीने का सही तरीका क्या है।

# शिशु हरे रंग का मल क्यों करते हैं? इसके यह कारण

आमतौर पर शिशु की डाइट में ऐसी कोई चीज शामिल नहीं होती है, जिससे उनकी तबियत खराब हो। इसके बावजूद, उम्र के हिसाब से शिशुओं के मल का रंग बदलता रहता है। कई विशेषज्ञ यह भी सलाह देते हैं कि आप शिशु के मल के रंग से उसकी सेहत का अंदाजा लगा सकते हैं। खैर, कई बार आपने यह भी देखा होगा कि शिशु के मल का रंग हरा होता है। तो क्या यह सामान्य है? या फिर हरे रंग का मल किसी बीमारी की ओर संकेत करता है? कई नई मांओं के मन में इस तरह के सवाल उठ सकते हैं। दरअसल, मौजूदा समय में ज्यादातर लोग न्यूक्लियर फैमिली में रहते हैं। ऐसे घरों में जो महिला नई-नई मां बनी होती है, उसके लिए शिशु का रोना ही नहीं, मल का रंग भी चिंता का कारण बन सकता है। जब बच्चा एक से तीन दिन का होता है और उसका मल हरे रंग का होता है, तो इसे ट्रांजिशनल स्टूल के नाम से जाना जाता है।



दरअसल, जन्म के तुरंत बाद शिशु काले रंग का मल त्यागता है, जो धीरे-धीरे समय के साथ हरे में बदलता है। इसके बाद वह ब्राउन और फिर सामान्य रंग यानी पीले रंग में बदल जाता है। इसका मतलब है कि अगर आपका शिशु हरे रंग का मल त्याग करे, तो यह चिंता की बात नहीं होती है।

**हाइंडमिल्क और फोरमिल्क में इंबैलेंस :** अगर आपका शिशु 3 दिन से लेकर 3 महीने का है, तो इस अवस्था में आमतौर पर मांएं बच्चे को अपना दूध ही पिलाती हैं। वैसे भी इस उम्र में बच्चे को बाहरी चीजें देना सुरक्षित नहीं होता है। लेकिन, अगर इस उम्र में बच्चा पीले मल के बजाय हरा मल त्याग करता है, तो यह सही नहीं है।

इसका मतलब है कि बच्चे के पेट में हाइंडमिल्क और फोरमिल्क का इंबैलेंस हो गया है। इसे आप ऐसे समझें कि शिशु को दूध पिलाने की शुरुआत में प्रचुर मात्रा में फोरमिल्क मिल जाता है, जबकि वह बाकी का हाइंडमिल्क नहीं पीपता है। इसे ओवरसप्लाई, या फोरमिल्क और हाइंडमिल्क में असंतुलन के रूप में जाना जाता है। ज्यादा मात्रा में फोरमिल्क लेने की वजह से शिशु को ज्यादा मात्रा में लैक्टोज मिल जाता है, जिस वजह उसके मल का रंग हरा हो जाता है।

**दांत निकलने के कारण :** अगर आपका बच्चा 3 से 6 महीने के बीच का है, तो यह उम्र शिशुओं में दांत निकलने की होती है। अक्सर जब बच्चे के मुंह में दांत निकल रहे होते हैं, तो उन्हें हरे रंग की पॉटी होने लगती है। यह भी कोई भी विशेष चिंता की बात नहीं होती है। एक समय के बाद शिशु की यह स्थिति अपने आप ठीक हो जाती है। हालांकि, अगर शिशु को बहुत ज्यादा बार पॉटी आए, तो आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

**बाहरी खाद्य पदार्थ की वजह से :** छह माह से एक साल की उम्र के बच्चे भी हरे रंग का मल त्याग करते हैं। इसकी वजजह यह है कि छह माह के बाद बच्चों को कॉम्प्लीमेंटर फूड दिया जाना शुरू हो जाता है। ऐसे में अगर बच्चे को हरी पत्तेदार सब्जियां ज्यादा मात्रा में दी जाए और बच्चा उसे चबाए बिना ही निगल जाए, तो अक्सर बच्चे के मल का रंग हरा हो सकता है।

**इंफेक्शन भी है कारण :** अगर बच्चे की उम्र एक साल से ज्यादा है और उसकी पॉटी का रंग ग्रीन है, तो इसका मतलब है कि बच्चे को इंफेक्शन हुआ है। रोटावायरस की वजह से बच्चे को इंफेक्शन हो सकता है।

साथ ही बच्चे को डायरिया भी हो सकता है। ऐसे मामले में पेरेंट्स को लापरवाही नहीं करनी चाहिए। अगर बच्चे को हरे मल के साथ-साथ उल्टी हो रही है, बुखार है, वह लेजी फील कर रहा है, तो उसे तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं। इसके अलावा, अगर बच्चा सिर्फ हरे रंग का मल त्याग करे, तो यह चिंता की बात नहीं है। इसे सामान्य समझा जा सकता है।

# पेट की चर्बी कम करना चाहते हैं तो अपनाएं यह साउथ इंडियन डाइट चार्ट

आपने अब तक नार्थ इंडियन फूड के बारे में बहुत कुछ जाना होगा, लेकिन क्या आपने कभी साऊथ इंडियन फूड को वेट लॉस के लिए अपनाया है नहीं न? आपको जानकर हैरानी होगी कि करी पत्ते की महक से भरा डोसा, इडली, अचार और नारियल अखरोट की चटनी स्वाद में ही नहीं बल्कि वजन कम करने के लिए भी बेहतर विकल्प हैं।

**पहला दिन :** सबसे पहले सुबह 6 बजे नींबू के साथ गुनगुना पानी, नाश्ते में तीन बाजरे की इडली, सांभर, नारियल की चटनी खाएं। इसके तीन घंटे बाद अंगूर या कोई भी फल खाएं। आपको दोपहर का खाना एक बजे तक खाना है, जिसमें आप रागी बॉल्स, सब्जी, रसम और छाछ लें। शाम 4 बजे तक ग्रीन टी, बिस्किट के साथ लें और रात के खाने में हल्दी वाला दूध लें।

**दूसरा दिन :** सुबह 6 बजे शहद नींबू के साथ गुनगुना पानी पिएं। 7 बजे नाश्ते में दो रवा डोसा, टमाटर की चटनी, ब्लैक कॉफी और चार से पांच बादाम लें। 10 बजे एक कटोरी फल खाएं। दिन के खाने में एक कटोरी ब्राउन राइस, दो रोटी, सांबर, सलाद, छाछ लें। शाम के समय आप ब्लैक कॉफी, एक अंडा खा सकते हैं। रात के खाने में दो रोटी, मिक्स डाल, सब्जी या चिकन करी, सलाद और दही लें।

**तीसरा दिन :** सुबह 6 बजे भीगा हुआ मेथी दाना लें। नाश्ते में आलम पचड़ी, 4-5 बादाम और ग्रीन टी। 10 बजे एक कप ताजे कटे फ्रूट्स। दोपहर के खाने में एक कटोरी ब्राउन राइस, दाल, चुकन्दर, एक कप स्प्राउड्स, और छाछ। शाम के समय ग्रीन टी, 5-6 पिस्ता। रात के खाने में दो मल्टी ग्रेन परांठे के साथ एक कप कुरमा सब्जी, एक कटोरी मिक्स दाल और दही लें। सोते वक्त हल्दी वाला दूध जरुर लें।

**चौथा दिन :** सुबह 6 बजे दो चम्मच भीगी हुई मेथी का पानी पिएं। नाश्ते में एक कटोरी उपमा, एक कप ग्रीन टी लें। 10 बजे खीरा और 4 से 5 बादाम लें। दोपहर के खाने में एक कटोरी सफेद चावल, एक कटोरी लौकी की दाल, सलाद, और छाछ लें। दोपहर के खाने में एक ब्लैक कॉफी, मल्टीग्रेन बिस्किट के साथ लें। रात के खाने में दो रोटी, मिक्स वेज करी, साबुत दाल, सलाद और दही लें। सोते समय हल्दी वाला दूध लें।

**पांचवा दिन :** सुबह भीगे हुए मेथी दाने, नाश्ते में एक कप ग्रीन टी और एक कटोरी चेरुपयार तोरन लें। 10 बजे तीन बादाम, एक कप तरबूज का रस लें। दोपहर के खाने में एक कटोरी नारियल राइस या रोटी, पालक की दाल, फूल गोभी कोटू, सलाद, और छाछ लें। शाम के समय एक ब्लैक कॉफी, और पॉपकॉर्न लें। रात के खाने में दो रोटी, एक कटोरी डाल या चिकन करी, बेंदाकायी गोज्जू और दही लें। रात को सोते समय हल्दी वाला दूध लें।

**छठा दिन :** सुबह 6 बजे एक कप गुनगुने पानी में शहद और नींबू मिलाकर पिएं। नाश्ते में एक कप फिल्टर कॉफी, दो से तीन इडियप्पम, एक कटोरी अंडा करी। 10 बजे एक फल, दो बादाम लें। दोपहर के खाने में एक कटोरी सफेद चावल, एक कप इडली, सांबर, सेवई हलवा और दही लें। दोपहर के खाने में आधा कप ब्राउन राइस, एक कटोरी चिकन या मशरूम करी, सलाद, दही और आखिर में डार्क चॉकलेट लें। सोते समय हल्दी वाला दूध लें।

**सातवां दिन :** सुबह 6 बजे मेथी दाने का पानी पिएं। नाश्ते में एक कटोरी पोंगल, नारियल की चटनी और ग्रीन टी लें। 10 बजे नारियल पानी पिएं। दोपहर के खाने में आधी कटोरी सफेद चावल, एक कटोरी करेला, फिश या ममीदिकाया ग्रेवी, दो रोटी, सलाद और दही लें। वहीं शाम के समय ग्रीन टी और अंकुरित मूंग दाल लें। रात में खाने में दो रोटी, एक कप पालक की दाल, चुकन्दर, सलाद और दही लें। सोते समय हल्दी वाला दूध सोने से पहले जरुर लें।

## जेकेके में गूंजेगा ध्रुवपद का सुर, देशभर के कलाकार देंगे प्रस्तुति

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ध्रुवपदाचार्य पद्मश्री पं लक्ष्मण भट्ट तैलंग की स्मृति में 32वां अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद-निनाद विरासत समारोह मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। इंटरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट, रसमंजरी संगीतोपासना केन्द्र जयपुर और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह समारोह जवाहर कला केन्द्र के कृष्णायन सभागार में होगा। समारोह की शुरुआत 150 वर्ष पूरे कर चुके राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के विशेष ध्रुवपद प्रस्तुति से होगी। जिसे ध्रुवपद गायिका प्रो. मधु भट्ट तैलंग के निर्देशन में उनके शिष्य प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में तानसेन रचित मध्यकालीन ध्रुवपद रचना का गायन भी किया जाएगा। समारोह में अहमदाबाद के आचार्य गोस्वामी रणछोड़ लाल मंदिर परम्परा की प्राचीन प्रबंध शैली की भक्ति रचनाएं और हवेली संगीत प्रस्तुत करेंगे, वहीं ग्वालियर के युवा ध्रुवपद गायक अनुज प्रताप सिंह डागर घराने की गायकी प्रस्तुत करेंगे। पखावज पर पं प्रवीण आर्य, प्रतीश रावत, ऐश्वर्य आर्य, सारंगी पर उस्ताद अमरूद्दीन और हारमोनियम पर रविंद्र सिंह संगत देंगे। समारोह में गोस्वामी रणछोड़ लाल को पं लक्ष्मण भट्ट धरोहर सम्मान, अनुज प्रताप सिंह को विशिष्ट ध्रुवपद प्रतिभा सम्मान और ललित शर्मा अकिंचन को विशिष्ट कला लेखन अवार्ड दिया जाएगा। कार्यक्रम में ट्रस्ट की वार्षिक पत्रिका ध्रुवा वाणी 2026 के पोस्टर का विमोचन भी किया जाएगा।

## एयरपोर्ट के पांच किलोमीटर दायरे में लेजर लाइट्स पर पाबंदी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास शादी-समारोहों और होटलों में इस्तेमाल होने वाली लेजर लाइट्स पर अब पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉण् राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। पुलिस प्रशासन को लगातार फीडबैक मिल रहा था कि एयरपोर्ट के पास स्थित विवाह स्थलों और होटलों में होने वाले कार्यक्रमों के दौरान तेज लेजर लाइट्स और प्रकाश ऑब्जेक्ट्स का उपयोग किया जाता है। ये लाइटें आसमान में काफी ऊंचाई तक जाती हैं जिससे विमानों के संचालन में गंभीर बाधा उत्पन्न होती है। इससे विमान दुर्घटना और जनहानि की आशंका को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से यह कदम उठाया गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ राजीव पचार ने आदेश जारी किया है कि जयपुर एयरपोर्ट की बाउंड्री से 5 किलोमीटर की परिधि में लेजर लाइट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वहीं यह आदेश 8 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगा। साथ ही इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा वायुयान अधिनियम 1934 की धाराओं के तहत भी केस दर्ज हो सकता है। पुलिस ने इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है और शहर के सभी थानों व संबंधित विभागों को इसकी कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## पेंशन विभाग का एएओ दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए पेंशन विभाग लालकोठी जयपुर में पदस्थ एएओ द्वितीय राजेश कुमार खण्डेलवाल को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी टीम जयपुर नगर चतुर्थ इकाई ने यह ट्रैप कार्रवाई की। आरोपी के कब्जे से रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई है। एसीबी पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि एसीबी जयपुर नगर चतुर्थ टीम को परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके पिता की मौत होने के बाद मां को पूरी पेंशन नहीं मिल रही है। पूरी पेंशन बनाने के एवज में पेंशन विभाग के एएओ द्वितीय राजेश कुमार खंडेलवाल पूरी पेंशन बनाने और पहले का एरियर बनाने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। जिसके बाद एसीबी की ओर से ट्रेप का आयोजन कर सत्यापन कर आरोपित राजेश खण्डेलवाल को रिश्वत देने के लिए परिवादी को भेजा। परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते एसीबी टीम ने सोमवार दोपहर राजेश कुमार को गिरफ्तार किया । एसीबी की ओर से अन्य की भूमिका के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## खाचरियावास ने कथित गौ हत्या की घटना को लेकर साधा निशाना

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने जयपुर के अशोकपुरा क्षेत्र में कथित गौ हत्या की घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री निवास से करीब 300 मीटर दूर हुई इस घटना में आरोपी भाजपा से जुड़ा पदाधिकारी बताया जा रहा है लेकिन अब तक उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। खाचरियावास ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं। खाचरियावास ने यह भी आरोप लगाया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे कुछ लोगों को ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया जबकि मुख्य आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच कराने, आरोपी को गिरफ्तार करने और कथित तौर पर न्याय मांगने पहुंचे लोगों को रिहा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जनता में गलत संदेश जाएगा।

## दस हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस की ओर से वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लक्की शर्मा निवासी आगरा, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। जिस पर दस हजार रुपये का इनामी घोषित था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से शहर में इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसके चलते विद्याधर नगर थाना पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्की शर्मा को धर दबोचा। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

## बैठक आज

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान झुंझुनू की मासिक बैठक शहीद करणी राम रामदेव पार्क कोर्ट सर्किल झुंझुनू में मंगलवार सुबह 11 बजे की जावेगी। संस्थान प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिरोवा ने बताया कि बैठक में दिव्यांग योजनाओं की जानकारी देकर फॉर्म तैयार किए जायेंगे।

# यूजीसी के नए नियमों के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** विप्र इंडिया वेलफेयर फाउंडेशन ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित नए नियमों और विधेयकों के विरोध में सोमवार को राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। फाउंडेशन का तर्क है कि प्रस्तावित बदलाव उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत विभाजन को बढ़ावा दे सकते हैं और संवैधानिक समानता के सिद्धांतों के विपरीत हैं। संस्था द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से चार बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज की गई है।

फाउंडेशन का कहना है कि जातिगत भेदभाव के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन झूठे या दुर्भावनापूर्ण आरोपों के मामलों में फंसाने वालों के खिलाफ भी सख्त सजा का प्रावधान होना अनिवार्य है। यदि ओबीसी वर्ग को भी पीड़ित पक्ष में शामिल किया जाता है तो इससे सामान्य वर्ग को पहले से ही दोषी मानने की धारणा बनती है जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

संस्था ने ध्यान दिलाया कि वर्ष 2012 के पूर्ववर्ती नियमों में झूठे आरोपों पर दंड का प्रावधान था जिसे नए नियमों में हटा दिया गया है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है। फाउंडेशन के अनुसार इन नियमों से शिक्षण संस्थानों में भय, असुरक्षा और आपसी तनाव का वातावरण पैदा हो सकता है, जिससे शिक्षा की मूल भावना प्रभावित होगी।

### फाउंडेशन की प्रमुख मांगें

प्रस्तावित यूजीसी नियमों को वर्तमान स्वरूप में लागू न किया जाए। इस विषय पर शिक्षाविदों, छात्रों और सामाजिक संगठनों के साथ व्यापक संवाद किया जाए। किसी भी जांच समिति में सभी वर्गों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।

कानून में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट प्रावधान जोड़े जाएं। इस अवसर पर सुभाष चंद्र, महेश कुमार शर्मा आजाद, अमर सिंह तंवर, मूलचंद शर्मा, सुनील शर्मा सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक खिलाड़ी का किया सम्मान



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** जम्मू में आयोजित सातवीं राष्ट्रीय क्वान की डो प्रतियोगिता में राजोता की विवेकानंद पब्लिक स्कूल के छात्र ने स्वर्ण पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्र आयुष राजोरा के स्वर्ण पदक जीत कर वापस लौटने पर स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था निदेशक अशोक सिंह शेखावत थे जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य अजय सिंह शेखावत ने की। अजय सिंह शेखावत ने बताया कि जम्मू में अयोजित सातवी राष्ट्रीय क्वान-की-डो चैम्पियनशीप में आयुष ने अन्डर-17 आयु वर्ग की अंडर-47 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक तथा स्टीक वेपन में कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। आयुष का चयन राष्ट्रीय दल में चयन हुआ। रोमानिया में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयुष भाग लेंगे। इसी प्रकार पेनकाक सिलाट प्रतियोगिता में मनसिक ने गोल्ड मेडल, रोहित गुर्जर ने कांस्य पदक, इंडोकिक नेशनल प्रतियोगिता में दिव्या सैनी, मयंक, चेतना मीणा स्वर्ण पदक, वेणु, अंशु ने रजत, रणवीर, दिव्या, अमन ने कांस्य पदक जीत कर नाम रोशन किया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को माला पहनाकर व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल स्टॉफ एवं बच्चे मौजूद थे।

## विश्व एक परिवार शोभायात्रा निकाली



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** ब्रह्माकुमारीज पाठशाला में राजयोगिनी अमृत दीदी की अध्यक्षता में कलश यात्रा एवं विश्व एक परिवार शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए निकाली गई। परमपिता शिव परमात्मा का ध्वज फहराकर विश्व में आध्यात्मिक प्रेम और सद्भावना को जागृत करने का संकल्प लिया। ब्रह्म भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीके साक्षी, बीके शिवानी, किरण मोदी, शशि कंवर, ललिता, अंजू, उषा कुमावत, पूजा, विनोद देवी, ग्यारसी लाल, हेमराज कुमावत, राहुल सोलंकी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को एक्सपोजर विजिट से मिला जीवन उपयोगी ज्ञान

निसं




**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार एवं बीआईएस के तत्वावधान में श्रीमाधोपुर शहर के पीएमश्री विद्यालय के बीआईएस क्लब के 25 सदस्य विद्यार्थियों का एक्सपोजर विजिट रींगस स्थित कपड़ा निर्माता कंपनी आरएसडब्लुएम में करवाया गया। प्रातः 10 बजे प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। इस एक्सपोजर विजिट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे ले जाकर व्यावहारिक, वैज्ञानिक और गुणवत्ता आधारित सोच से जोड़ना रहा। प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों में नवाचार, आत्मनिर्भरता और करिअर के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण विकसित करती हैं। एजीएम शिव किशोर कांवटिया ने फैक्ट्री में बने वाले सभी उत्पादों, प्रक्रिया, पैकिंग, डिस्ट्रीब्यूशन प्रक्रिया को संक्षेप में बताया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को उत्साहवर्धक रूप में सुना एवं सीखा। एक्सपोजर विजिट में रिसोर्स पर्सन भवानी शंकर शर्मा ने आरएसडब्ल्यूएम कंपनी के डायरेक्टर तथा टेक्निकल स्टाफका धन्यवाद ज्ञापित किया। मेंटल टीचर्स के रूप में व्याख्याता धन्नाराम जाट तथा हंसा देवी उपस्थित रहे।



## सरकारी स्कूल में कक्षा-कक्ष का किया शिलान्यास

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** कुठानिया के राजकीय स्कूल में विद्यालय विकास की दिशा में एक और सराहनीय पहल देखने को मिली। भामाशाह मान परिवार की सहभागिता से निर्मित नवीन कक्षा-कक्ष का शिलान्यास समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देश दीपक, विशिष्ट अतिथि राजकुमार जेईएन सिंघाना थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान रामचन्द्र द्वारा की गई। मुख्य अतिथि देश दीपक ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति सजग रहने का संदेश देते हुए भामाशाह परिवार के सहयोग की सराहना की। सरकारी संस्थाओं के विकास में खड़े रहने वाले धनी व्यक्ति ही समाज को विकास की गति में आगे ले जाने का काम करते हैं। स्कूल में सुविधा का स्तर सुधारने के लिए इस प्रकार के सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान होना बहुत जरूरी है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को भागीदारी निभाकर समाज के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही सरकारी विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहे हैं। भामाशाह परिवार ने भविष्य में भी विद्यालय के विकास हेतु सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन उपप्रधानाचार्य दामोदर प्रसाद मीणा ने किया। समारोह के अंत में उपस्थित ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

## डॉ गुलशन बानो की पहल से सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूआं पर सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सुरक्षित मातृत्व सेवाएं प्रदान की गई। अभियान के अंतर्गत पहुंची स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ गुलशन बानो ने 21 गर्भवती महिलाओं की जांच कर आवश्यक दवाएं एवं परामर्श दिया। डॉ गुलशन बानो नियमित रूप से प्रत्येक माह की 9 तारीख को सीएचसी नूआं पहुंचकर अपनी निःशुल्क सेवाएं दे रही हैं। उनके इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को समय पर विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार का लाभ मिल रहा है, जिससे सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित हो रहा है। डॉ बानो ने बताया कि पीएमएसए सत्र के दौरान सीएचसी नूआं का स्टॉफ भी पूरे उत्साह के साथ सहयोग करता है। आशा वर्कर, एएनएम, सीएचओ एवं नर्सिंग स्टॉफ द्वारा गर्भवती महिलाओं को प्रेरित कर सत्र में बुलाया गया, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकीं। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलती है और गर्भवती महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती हैं।

## राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपिका का किया स्वागत

निसं




**नोखा ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेघवालों की ढाणी बंधड़ा की छात्रा दीपिका गोदारा ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य काना राम मांझू ने बताया कि भारतीय खो खो महासंघ नई दिल्ली की ओर से केशव पार्क कुरुक्षेत्र हरियाणा में राष्ट्रीय सब जूनियर खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालिका वर्ग में राजस्थान राज्य की टीम उप विजेता रही और यह पहला मौका है जब राजस्थान की टीम ने रजत पदक जीता है। राजस्थान की टीम में इस विद्यालय की छात्रा दीपिका गोदारा भी शामिल थी जिसके विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार की तरफ से भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के शिक्षक दुला राम मांझू ने बताया कि दीपिका ने इसी वर्ष में खो खो खेलना शुरू किया था और पहले ही वर्ष में विद्यालय से राष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय किया है । शारीरिक शिक्षक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि इस बार खो खो में विद्यालय का बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है विद्यालय की दस छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन हुआ हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निवर्तमान सेवानिवृत प्रधानाचार्य राम किशोर, डालू राम गोदारा, मंजू बिश्नोई, मेघराज आदि उपस्थित रहे और दीपिका को शुभकामनाएँ दी।

## नगरपालिका चेयरमैन का कार्यकाल पूरा, एसडीएम सोनी बने प्रशासक




निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** नगरपालिका मंडल चिड़ावा का पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के साथ ही अब शहर की कमान प्रशासनिक हाथों में आ गई है। राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर द्वारा जारी आदेशानुसार चिड़ावा उपखंड अधिकारी नरेश सोनी को नगरपालिका का प्रशासक नियुक्त किया गया है। आदेश की पालना में सोमवार को एसडीएम नरेश सोनी ने नगरपालिका कार्यालय पहुँचकर प्रशासक पद का कार्यभार विधिवत रूप से ग्रहण कर लिया। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार नूनिया ने कार्यभार ग्रहण करने की पुष्टि करते हुए बताया कि नवीन नगरपालिका मंडल के गठन होने तक पालिका का संपूर्ण प्रशासनिक एवं वित्तीय दायित्व अब प्रशासक के माध्यम से ही संचालित किया जाएगा। कार्यभार संभालने के बाद ईओ दिनेश कुमार के नेतृत्व में नगरपालिका कार्मिकों ने एसडीएम सोनी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रशासक नरेश सोनी ने अपनी प्राथमिकताएं साझा करते हुए कहा कि उनका मुख्य फोकस शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरपालिका में आने वाली जनता के कार्यों का निस्तारण त्वरित गति से किया जाए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## गोविंददेवजी मंदिर में झांकी दर्शन समय में आंशिक परिवर्तन

**जयपुर ( नवयत्न )।** मौसम में सर्दी का प्रभाव कम होने के कारण आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए झांकी दर्शन के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। आगामी दिनों में ठाकुरजी की दैनिक दिनचर्या में भी आवश्यक परिवर्तन होगा। श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि दर्शन के लिए मंदिर आने से पूर्व अद्यतन समय-सारणी की जानकारी प्राप्त कर लें। मंदिर कमेटी के अनुसार मंगला झांकी प्रातः 05 से 05:15 बजे तक, धूप झांकी प्रातः 07:45 से 09 बजे तक, श्रृंगार झांकी प्रातः 09:30 से 10:15 बजे तक, राजभोग झांकी प्रातः 10:45 से 11:45 बजे तक, ग्वाल झांकी शाम 5 से 05:15 बजे तक, संध्या झांकी शाम 05:45 से 06:45 बजे तक, शयन झांकी रात्रि 8 से 08:15 बजे तक होगी। प्रत्येक रविवार एवं एकादशी के अवसर पर मंगला झांकी प्रातः 04:30 से 05:15 बजे तक, धूप झांकी प्रातः 07:30 से 9 बजे तक, ग्वाल झांकी शाम 04:45 से 05:15 बजे तक, शयन झाकी रात्रि 07:45 से 08:15 बजे तक होगी।




# पर्यटकों के लिए खास है अहमदाबाद की कांकरिया झील

कांकरिया झील अहमदाबाद की सबसे बड़ी झील, जिसे पहले हौज-ए-कुतुब के नाम से जाना जाता था। अहमदाबाद में मणिनगर क्षेत्र के पास स्थित कांकरिया झील द्व्ड्ड बैलून सफारी और चिड़ियाघर से लेकर टॉय ट्रेन और मनोरंजन पार्क, तक वह सब कुछ मौजूद है जो बच्चो से लेकर बुढो तक सभी को इसकी और खिचे आने पर मजबूर कर देता है। साहसिक शौकीन लोगों के लिए, कांकरिया झील में तीरंदाजी, जिम्नास्टिक और पानी की सवारी जैसे विकल्प भी उपलब्ध कराता है। यह सुरम्य झील अपने परिधि के चारों ओर चमकती बहु-रंगीन रोशनी के साथ शाम की टहलने के लिए एकदम सही है। सबसे भयावह त्यौहार कांकरिया कार्निवल को अत्यधिक उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। यह आपको विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखवाने के लिए एक शानदार मंच भी प्रदान करता है। कांकरिया झील एक ऐसी जगह है जहाँ मनोरंजन, संस्कृति, ज्ञान और प्रतिभा पूरी तरह से एक दूसरे के साथ मिलती है।

### कांकरिया झील का इतिहास

कांकरिया झील अहमदाबाद की सबसे बड़ी झील है जिसका निर्माण लगभग 500 साल पहले किया गया था। शोधकर्ताओं और झील के शिलालेख के अनुसार कांकरिया झील का निर्माण 15 वीं शताब्दी में सुल्तान मुइज़-उद-दीन मुहम्मद शाह द्वारा शुरू करबाया गया था जिसका निर्माण यह 1451 में सुल्तान कुतुब-उद-दीन अहमद शाह द्वितीय के शासनकाल के दौरान पूरा हुआ था। शिलालेख के अनुसार इस झील को पहले हौज-ए-कुतुब (कुतुब का तालाब) के नाम से जाना जाता था जिसे बाद में कांकरिया झील नाम दिया गया था।

### कांकरिया झील की वास्तुकला

76 एकड़ में फैली हुई कांकरिया झील का काफी अनोखा आकार है। यह आकृति उस समय की मुगल वास्तुकला की याद दिलाती है। नियमित अंतराल पर पत्थरों को काटते हुए और सीढ़ियों को रोकते हुए पानी की स्लूस की उड़ानों के साथ, सुनियोजित झील भारतीय शैलियों का एक शानदार उदाहरण है। इस झील के बीच में एक एक बगीचा, जिसे उचित रूप से नगीना वाडी ङ्क या ज्वेल डू द लेक के नाम से जाना जाता है। हलाकि इस झील को राजाओं, अंग्रेजों और स्वतंत्रता के बाद की सरकार द्वारा कई नवीकरण के अधीन किया गया है, लेकिन यह अपने मूल तत्वों को बनाए रखने में कामयाब रहा है।

### कंकरिया झील की पौराणिक कथा

कांकरिया नाम की वास्तविक उत्पत्ति अज्ञात है फिर भी इसके बार विभिन्न कहानियां बताई जाती है जो काफी दिलचस्प है। 'कंकरिया' नाम 'कंकर' से लिया गया है, क्योंकि झील के निर्माण में यहाँ से भारी मात्रा में चूना पत्थर निकाला गया था। अन्य उपाख्यानों से पता चलता है कि झील का नाम संत हजरत-ए-शाह आलम के नाम पर रखा गया था किवदंतीयों के अनुसार माना जाता है संत हजरत-ए-शाह आलम खुदाई स्थल से गुजर रहे थे जिस दौरान वह एक कंकड़ से घायल हो गए थे जिसके बाद उन्होंने उस कंकड़ को स्वीकार किया और उसी से इस झील का नाम कंकरिया झील रखा।

### कंकरिया चिड़ियाघर

31 एकड़ के क्षेत्र में फैला, कांकरिया चिड़ियाघर कांकरिया झील का सबसे प्रमुख आकर्षण है जिसे कमला नेहरू प्राणि उद्यान के रूप में भी जाना जाता है। इस चिड़ियाघर में 450 स्तनधारी, 2000 पक्षी और 140 सरीसृप प्रजातियाँ पाई जाती है जिन्हें आप यहाँ देख सकेगें।

### बालवाटिका

बालवाटिका कांकरिया झील के किनारे स्थित एक सुन्दर चिल्ड्रन पार्क है जिसका नाम देश के पहले प्रधान मंत्री के नाम पर, चाचा नेहरू के नाम पर रखा गया है। इस पार्क में बच्चो के मनोरंजन के लिए कई स्पोर्ट्स एरिया, स्लाइड और झूलें है इनके अलावा इस पार्क में भारतीय पक्षियों और जानवरों पर आधारित एक पक्षि संग्रहालय भी है। बालवाटिका का एक और अन्य आकर्षण नाभि दर्शन तारामंडल भी है।

### एम्यूज़मेंट पार्क

कांकरिया लेकफ्रंट मनोरंजन पार्क बच्चों के लिए कई रोमांचक सवारी और आकर्षण का प्रदान करता है। हाल ही में सुरक्षा और सुरक्षा उपायों के साथ, सवारी रोमांचक और मजेदार हो गयी है एम्यूज़मेंट पार्क की रोमांचक राइड बूमरंग रोलर कोस्टर, फ़्लिपिंग आर्म, टॉरिंग टॉवर, डिस-ओ-पेंडुलम और मेरी-गो-राउंड हैं।

### स्टोन मुरली पार्क

स्टोन मुरली पार्क कांकरिया झील के किनारे स्थित एक और खास जगह है इसमें गुलाबी बलुआ पत्थर में अहमदाबाद के इतिहास को दर्शाते विभिन्न आकर्षक भित्ति चित्र देखने योग्य हैं।

### डच और अर्मेनियाई टॉम्ब्स


कांकरिया झील के बाईं ओर कुछ डच और अर्मेनियाई कब्रों के साथ एक प्राचीन कब्रिस्तान है। सत्रहवीं शताब्दी की शुरुआत में, इन कब्रों को शैली के गुंबदों और स्तंभों से अलंकृत किया गया, जो एक महान विरासत का संकेत देते हैं। शिलालेख डच और लैटिन में हैं। यहाँ सबसे उल्लेखनीय मकबरा एक रईस का है, जिसने 1615 में अहमदाबाद में डच ईस्ट इंडिया कंपनी की फैक्ट्री स्थापित की थी।

### बैलून राइड

बैलून राइड कांकरिया झील की सबसे पसंदीदा एक्टिविटीज में से एक है जो आपको लगभग 350 फीट की ऊंचाई पर उड़ते हुए अहमदाबाद शहर के एक मनोरम दृश्य देखने का अवसर प्रदान करता है। कांकरिया लेकफ्रंट पर सुपर थ्रिलर टीथर्ड बैलून राइड उपलब्ध है जहाँ से आप उड़ना भर सकते है।

### टॉय ट्रेन

टॉय ट्रेन बच्चो द्वारा सबसे अधिक पसंद की जाने वाली राइड है यदि आप अपने बच्चो के साथ यहाँ आने वाले है तो टॉय ट्रेन की सवारी करना बिलकुल मिस ना करें।



### कंकरिया कार्निवल उत्सव

सप्ताह भर चलने वाला कांकरिया कार्निवल अहमदाबाद का सबसे प्रतीक्षित त्योहार है जो मनोरंजक और बेहद रोमांचक होने का वादा करता है। हर साल दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले इस उत्सव में मैजिक शो, रंगोली बनाने की प्रतियोगिता, वाद-विवाद, निबंध या पेंटिंग प्रतियोगिताएं, डॉग शो, स्कूबा-डाइविंग, लेजर शो और जिम्नास्टिक जैसी कई प्रतियोगितायें और कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।

### बोट राइड

बोट राइड कांकरिया झील की एक और सबसे आकर्षक गतिविधि है जिसे पर्यटकों और कपल्स सभी के द्वारा खूब पसंद किया जाता है।

# पर्यटकों के घूमने के लिए खूबसूरत है दौलताबाद किला

दौलताबाद किला औरंगाबाद के मुख्य शहर से 15 किमी दूर स्थित एक प्राचीन संरचना है जो हरियाली के बीच बड़ी ही शान से खड़ा है। दौलताबाद किला 'महाराष्ट्र के सात अजूबों' में से एक के रूप में जाना जाता है, जिसका निर्माण 12 वीं शताब्दी के दौरान किया गया था। आपको बता दें कि यह किला देवगिरि किला के रूप में भी जाना जाता है, जो यहां आने वाले पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। पर्यटकों को इस किले तक पहुंचने के लिए 750 सीढियां चढ़ कर जाना होता है, लेकिन ऊपर से नीचे का दृश्य बहुत ही शानदार नजर आता है। पराक्रमी देवगिरि किले का एक और अनूठा पहलू इसकी इंजीनियरिंग प्रतिभा है, जिसने न केवल दुश्मन ताकतों के खिलाफ अभेद्य रक्षा प्रदान की, बल्कि पानी के अपूरणीय संसाधनों को भी अच्छी तरह से प्रबंधित किया था।



**दौलताबाद किला का इतिहास :** यदि आप एक इतिहास प्रेमी है और दौलताबाद किला के इतिहास के बारे में जानने की दिलचस्पी रखते है तो हम आपको दौलताबाद किला का इतिहास काफी दिलचस्प और पुराना है। दौलताबाद किला का निर्माण 1187 में यादव वंश द्वारा बनाया गया था जब मुहम्मद तुगलक ने दिल्ली की गद्दी संभाली। किले को देश में सबसे अच्छे संरक्षित किलों में माना जाता है, जो बिना किसी फेरबदल के कई वर्षों तक जीवित रहा है। यादव वंश का समृद्ध राज्य मोहम्मद बिन तुगलक के नेतृत्व में दिल्ली के तुगलक वंश ने अपने कब्जे में कर लिया था, जिन्होंने दो किलों के साथ देवगिरी शहर पर कब्जा कर लिया था। 1327 की शुरुआत में, जब देवगिरि शहर को तुगलक वंश ने अपने कब्जे में ले लिया था, उस स्थान का नाम देवगिरि से बदलकर दौलताबाद कर दिया गया था। 1328 में, दौलताबाद को पूरी तरह से दिल्ली की सल्तनत ने अपने कब्जे में ले लिया और आने वाले दो वर्षों के लिए तुगलक वंश की राजधानी के रूप में स्थापित किया गया। लेकिन क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की कमी के कारण तुगलक वंश ने जल्द ही शहर को छोड़ दिया।

**देवगिरि किले का निर्माण :** दौलताबाद किले का सामरिक और शक्तिशाली निर्माण इसे देश के सबसे अच्छी तरह से संरक्षित किलों में से एक बनाता है। यह किला लगभग 200 मीटर ऊंची एक शंक्वाकार पहाड़ी पर स्थित है। जिसका निचला हिस्सा उस खाई से घिरा हुआ है जो दुश्मनों के प्रवेश को बचाने के लिए मगरमच्छों से भरी हुई थी। देवगिरि किले का निर्माण अपने आप में अजीबोगरीब था, और इसे इस तरह से बनाया गया था कि कोई भी शत्रु इसके अन्दर प्रवेश ना कर पाये। किले में एक एकल द्वार था जो प्रवेश और निकास दोनों के रूप में कार्य करता था। पूरा किला कई गढ़ों से सुरक्षित है। तुगलक वंश की अवधि के दौरान, विभिन्न तोपों द्वारा इसे और अधिक मजबूत किया गया था और शक्तिशाली एडीफिस की सुरक्षा के लिए 5 किमी की मजबूत दीवार बनाई गई थी। तुगलक वंश के शासन के दौरान किले के अंदर 30 मीटर का चांद मीनार भी बनाया गया था।

**दौलताबाद किले के लिए ट्रेकिंग :** औरंगाबाद में एक पहाड़ी के उपर स्थित दौलताबाद किला एक ऐसा पर्यटक स्थल है जो इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के साथ साथ ट्रेकर्स प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है क्योंकि किले तक पहुचने के लिए कुछ चुनौतीपूर्ण ट्रेकिंग करनी होती है। दौलताबाद किले की यात्रा के सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक इस किले के शीर्ष पर पहुचना है जिसमे लगभग 750 सीढ़ियां चढ़नी होती है जिसमे 1-3 घंटे के बीच का समय लगता है।

कठिनाई स्तर मध्यम से आसान है और रास्ते में कुछ अंधेरे क्षेत्र हैं जिनके लिए आपको एक मशाल ले जाने की आवश्यकता है। एक बार जब आप किले के उपर पहुंच जाते है तो वहां से नीचे के सुन्दर परिदृश्यो को देख सकते है जो बेहद आकर्षक और मंत्रमुग्ध कर देने वाले होते है।


# अगर आप धार्मिक स्थलों पर जाना पसंद करते हैं तो जरूर जाएं अयोध्या

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या पूरे विश्व में विख्यात है। विश्व भर में धार्मिक पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र अयोध्या का इन दिनों कायाकल्प हो रहा है जिससे आने वाले दिनों में लोगों को अलग प्रकार का अनुभव होगा। यहां विश्व स्तरीय हवाई अड्डा, विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन, सभी तरह की सुविधाओं से युक्त छोटे-बड़े होटल, पर्यटक केंद्र और संग्रहालयों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। माना जा रहा है कि जनवरी 2024 में राम मंदिर के उद्घाटन के समय तक दिव्य नगरी अयोध्या भव्य स्वरूप ले चुकी होगी। इस समय सरयू तट पर आप जाएंगे तो तमाम तरह की सुविधाओं के साथ-साथ आपको नदी का जल भी एकदम स्वच्छ मिलेगा। यही नहीं अयोध्या को पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह दीपावली पर सजाया जा रहा है वह दृश्य देखकर पूरी दुनिया अचम्भित हुए जा रही है। अगर आप अयोध्या घूमने आ रहे हैं तो यहां मंदिर ही मंदिर हैं जहां कुछ समय गुजार कर आपको एक अलग ही प्रकार की अनुभूति होगी। अब तो रामलला भी टैंट से निकल कर फाइबर से बने अस्थायी मंदिर में विराजमान हैं जहां उनके दिव्य दर्शन आसानी से किये जा सकते हैं। सप्त पुरियों में से एक नगरी माने जाने वाली अयोध्या के बारे में कहा जाता है कि इसकी स्थापना मनु ने की थी। यहां आप श्रीरामजन्मभूमि देखने के अलावा कनक भवन,



हनुमानगढ़ी, राजद्वार मंदिर, दशरथमहल, श्रीलक्ष्मण किला, कालेराम मंदिर, मणिपर्वत, श्रीराम की पैड़ी, नागेश्वरनाथ, क्षीरेश्वरनाथ श्री अनादि पञ्चमुखी महादेव मंदिर, गुप्तार घाट समेत अनेक मंदिर देख सकते हैं। इसके अलावा बिरला मंदिर, श्रीमणिरामदास जी की छावनी, श्रीरामवल्लभाकुंज, श्रीलक्ष्मण किला, श्रीसियारामकिला, उदासीन आश्रम रानोपाली तथा हनुमान बाग जैसे अनेक आश्रम भी जा सकते हैं। इसके अलावा विश्व हिन्दू परिषद की कार्यशाला को भी देखना चाहिए क्योंकि बरसों से राम मंदिर निर्माण की तैयारी में यहां बड़ी संख्या में मजदूर लगे हुए थे। वैसे तो अयोध्या में लगभग हर समय कोई मेला या त्योहार चल ही रहा होता है लेकिन श्रीरामनवमी, श्रीजानकीनवमी, गुरुपूर्णिमा, सावन झूला, कार्तिक परिक्रमा, श्रीरामविवाहोत्सव आदि उत्सव यहाँ बड़े उत्साह के साथ मनाये जाते हैं।

# भारत की सबसे खूबसूरत पवित्र नदियां



### सरस्वती नदी

सरस्वती एक प्राचीन नदी है जो वेदों में भी वर्णित है, जो वैदिक युग के दौरान उत्तर भारत में बहती थी। हालांकि आज उस प्राचीन नदी का भौतिक अस्तित्व नहीं है, जो कही रेगिस्तान में खो गई। भारत की सबसे पवित्र नदियों में से एक सरस्वती नदी शिवालिक पर्वतमाला, हिमालय से निकलकर त्रिवेणी संगम में जाकर मिलती है। इलाहाबाद में त्रिवेणी संगम 3 नदियों का संगम है, इन तीनों में से एक सरस्वती नदी भी है जिससे इस नदी की पवित्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है। अक्सर भारत की सबसे पवित्र नदियों में गंगा, युमना और सरस्वती के नाम ही सबसे उपर लिए जाते है।

### नर्मदा नदी

नर्मदा नदी जिसे माँ रेवा के नाम से जाना जाता है,भारत की सात पवित्र नदियों में से एक है। नर्मदा नदी मध्य प्रदेश के अमरकंटक में मैकला पर्वतमाला से निकलती है और विंध्य और सतपुड़ा पर्वतमाला के बीच आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम दिशा में बहती हुई खंभात की खाड़ी में जाकर मिल जाती है। नर्मदा नदी को मध्य प्रदेश की जीवन रेखा भी कहा जाता है। नर्मदा नदी का मध्य प्रदेश में धार्मिक महत्त्व भी काफी अधिक है जिसमे पूर्णिमा, अमावस्या जैसे अन्य पवित्र त्यौहार नर्मदा में स्नान की बिना पुरे नही होते है। बता दे हर पवित्र त्यौहार में लाखो श्रद्धालु माँ रेवा में डुबकी लगाते है और पापों से मुक्ति पाकर अपने आपको धन्य कराते है।

यु कहने को तो भारत में छोटी बड़ी लगभग 200 नदियाँ है। भारत की प्रत्येक नदी की अपना अपना एक अलग महत्त्व है। कुछ नदियाँ भारतीय लोगों के जीवन यापन का मुख्य स्त्रोत हैं। तो कुछ नदियाँ रिवर राफ्टिंग जैसे एक्टिविटीज के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जबकि कुछ नदियाँ धार्मिक स्थलों के रूप में प्रसिद्ध है जहाँ देश भर से लोग डुबकी लगाने के लिए आते है, कहा जाता भारत की पवित्र नदियाँ में स्नान करने से सभी पाप धुल जाती है और स्वर्ग की प्राप्ति है। सात नदियों को भारत की पवित्र नदियों के रूप में गिना जाता है। भारत में अधिकांश पवित्र स्थान जैसे वाराणसी, हरिद्वार, तालकावेरी, नासिक, उज्जैन और पटना सात पवित्र नदियों के किनारे स्थित हैं। इलाहाबाद में त्रिवेणी संगम 3 नदियों गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदी का संगम है।

**गंगा नदी :** हिमालय में गौमुख से निकलकर बंगाल की खाड़ी की और बहती हुई गंगा नदी भारत की सबसे पवित्र नदी है और भारत की सबसे लंबी नदी है। नदी को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया है और गंगा डॉल्फ़िन को भारत का राष्ट्रीय जलीय जानवर भी घोषित किया गया है। बहुत कम ही लोग ऐसे होगे जो गंगा नदी के धार्मिक महत्व से अवगत नही होगें। आज भी भारत के साथ साथ विदेशो से लोग गंगा नदी में एक पवित्र स्नान के लिए हजारों किलोमीटर से यहाँ आते है। कहा जाता है गंगा नदी के दर्शन मात्र से पापों से मुक्ति मिल जाती है तो सोचिये गंगा नदी में स्नान कितना महत्त्व होगा। यह भी मान्यता है की गंगा नदी में अस्थियाँ विसर्जन करने से मरे हुए व्यक्ति की आत्मा को स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इलाहाबाद, वाराणसी, गंगा नदी के किनारे वसे सबसे पवित्र शहर है। वाराणसी के तट से हर रोज गंगा जी की पवित्र आरती भी की जाती है जिनमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते है। गंगा की कई सहायक नदियाँ हैं जैसे यमुना, चंबल, बेतवा और उनमें से एक प्रमुख घाघरा है, जो इसे पटना से पहले मिलती है। भारत में सबसे लंबे सड़क पुल में से एक महात्मा गांधी सेतु पटना भी गंगा नदी पर बना हुआ है।

**यमुना नदी :** यमुना नदी भारतीय उपमहाद्वीप की एक प्रमुख नदी है, जो हिमालय पर्वत में यमुनोत्री के रूप में उभरती है और त्रिवेणी संगम, इलाहाबाद में गंगा में मिल जाती है। यह देश की सबसे पवित्र नदियों में से एक है जिसके किनारे वसे गोकुल और मथुरा सबसे पवित्र शहर है। जबकि इसका उद्गम स्थल यमुनोत्री भी श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र बना हुआ है जहाँ देश के विभिन्न कोनो से श्रद्धालु यमुना देवी के दर्शन और पवित्र स्नान के लिए आते है। टोंस, चंबल और गिरि नदियाँ यमुना की महत्वपूर्ण सहायक नदियाँ हैं, इलाहाबाद में गंगा में मिलने से पहले मंदाकिनी नदी यमुना नदी की अंतिम सहायक नदियाँ हैं।

**शिप्रा नदी :** शिप्रा नदी मध्य प्रदेश में बहने वाली एक और प्रमुख नदी है जिसे हिंदू धर्म की सबसे पवित्र नदियों में से एक माना गया है। पवित्र नगरी उज्जैन इसके दाहिने किनारे पर स्थित है जो भारत में बारह प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में से एक के लिए प्रसिद्ध है जिसे महाकालेश्वर के नाम से जाना जाता है। हर 12 साल में उज्जैन में कुंभ मेला उत्सव होता है जिस दौरान लाखों लोग पवित्र नदी शिप्रा में पवित्र स्नान और स्नान करते हैं। यह पवित्र नदी इंदौर के उज्जैनी मुंडला गांव की ककड़ी बड़ली नामक स्थान से निकलती है और चंबल नदी में जाकर मिल जाती है।

**गोदावरी नदी :** भारत की सात सबसे नदियाँ में से एक गोदावरी नदी दक्षिण भारत की प्रमुख नदी है। गोदावरी नदी की पवित्रता और भक्तों का इसके प्रति आस्था और श्रद्धा भाव के कारण इस नदी को दक्षिणा गंगा के रूप में भी जाना जाता है। गोदावरी नदी का उद्गम स्थल महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबक पहाड़ियां है जो अतं में पूर्वी घाट की ओर बंगाल की खाड़ी में जाकर मिल जाती है। नासिक गोदावरी नदी के किनारे बसा सबसे पवित्र शहर है जो हर 12 साल में कुम्भ मेला की मेजबानी करता है। गोदावरी नदी की महिमा और पवित्रता कुछ ऐसी है की लोग कुम्भ मेले के अलावा अन्य अवसरों पर भी गोदावरी नदी में पवित्र स्नान के लिए इकट्ठा होते है।

**कावेरी नदी :** कावेरी नदी भारत की सात सबसे पवित्र नदियों में अंतिम नदी है जो हिन्दुओं के लिए काफी महत्वपूर्ण स्थान रखती है। कावेरी नदी को दक्षिण भारत की अत्यंत पवित्र नदी माना जाता है। यह पश्चिमी घाट में ब्रह्मगिरी पहाड़ी से निकलती है और कर्नाटक और तमिलनाडु के हृदय स्थल से होकर गुजरती है।

## ग्राम उत्थान शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** ग्राम पंचायत सांवलपुरा तंवरान में सोमवार को ग्राम उत्थान शिविर में मंत्री झाबर सिंह खर्रा शामिल हुए। मंत्री ने सर्वप्रथम ग्राम उत्थान शिविर में प्रदान की जाने वाली सेवाओं की प्रगति पर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों से चर्चा की तथा शिविर में विभिन्न प्रकार की सेवाओं को आमजन को सुगमता से उपलब्ध करवाने एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी व शिविर में उपस्थित लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। इस दौरान मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी सुपुर्दगी एवं कृषि व सहकारिता आदि विभागों के लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया । ग्राम उत्थान शिविर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना भागीरथ साख, उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर अनिल कुमार, विकास अधिकारी सुनील कुमार ढाका सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं पुरुष आदि उपस्थित रहे।

## आज निकलेगी 51 हजार महिलाओं की कलश यात्रा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में अवधूत सिद्धयोगी बाबा बालनाथजी महाराज के शिष्य बस्तीनाथ महाराज के सान्निध्य में लुनियावास स्थित बाबा बालनाथ आश्रम में 108 कुंडीय महामृत्युजंय रुद्र महायज्ञ का आयोजन 10 से 15 फरवरी तक किया जाएगा। मंगलवार सुबह दस बजे गोविंद देवजी मंदिर से विशाल कलश यात्रा रवाना होगी। सुबह सात बजे कलशों का पूजन होगा। यज्ञाचार्य डॉ कमलेश शास्त्री प्रधान कलशों का वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन, प्रायश्चित संकल्प, नांदी श्राद्ध एवं दस स्नान संपन्न कराएंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पूजन कर कलश यात्रा को रवाना करेंगे। कलश यात्रा नगर भ्रमण करती हुई लूणियावास स्थित आश्रम पहुंचेगी, जहां विधिवत महायज्ञ का शुभारम्भ होगा। आश्रम की ओर से 51 हजार कलशों की व्यवस्था की गई है। इतने ही पुरुषों के ध्वज लेकर चलने का अनुमान है।

## हिन्दू सम्मेलन आज

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** ढाणी जयराम का वाली रामसुखदास आश्रम में हिन्दू सम्मेलन संत ज्योतिमर्यानंद के सानिध्य में आज शाम चार बजे रखा गया है। महाराज प्रयागराज से पधारेंगे। यह जानकारी देते हुए सचिव हरिश जीनगर ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह पवन कुमार रहेंगे, महिला वक्ता प्रखर वक्ता कविता जाखड़ रहेगी। अर्जुन समिति की कार्यकर्ता डॉक्टर प्रज्ञा पारीक जो की मंच संचालन करेंगी ने कहा कि कार्यक्रम में कलश यात्रा, पांच परिवर्तन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भक्ति संगीत का आयोजन रखा गया है ।

## केंद्रीय बजट को लेकर सीए संवाद सेमीनार आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर सीए संवाद सेमीनार सोमवार हो हुआ। भाजपा के जिला बजट प्रचार अभियान संयोजक सीए श्रीहरि बियानी ने बताया कि सीए सेमीनार में केंद्रीय बजट को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य एवं देखभाल सेवाओं में बायोफार्मा में मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। बुजुर्गों और संबद्ध देखभाल सेवाओं के लिए अगले वर्ष 1.5 लाख बहु-कौशल देखभालकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। आपातकालीन और ट्रोमा केयर सेंटर जिला अस्पताल केंद्रों की क्षमता 50 प्रतिशत तक बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट में कृषि और ग्रामीण कल्याण के क्षेत्र में किसानों को खेती के लिए कस्टमाइज्ड सलाह प्रदान करेगा। ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए सामुदायिक स्वामित्व वाले रिटेल आउटलेट स्थापित किए जाएंगे। नारियल संवर्धन योजना में उत्पादकता बढ़ाने के लिए पुराने पेड़ों को नई किस्म में बदला जाएगा। इसके साथ ही युवा, शिक्षा और खेल, छोटे करदाताओं के लिए सहायता, बुनियादी ढांचा और शहरी विकास को बढ़ावा देना, दिव्यांगजनों के लिए सशक्तिकरण में आजीविका के अवसर प्रदान करेगा।

## बाइपास सड़क चालू करने की मांग को लेकर दिया धरना

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में बाइपास सड़क को चालू किए जाने की मांग को लेकर अजीत जानू के नेतृत्व ग्रामीणों ने सांकेतिक धरना दिया और नारेबाजी करते हुए ओवरलोड वाहनों से मुक्ति दिलाये जाने की मांग की। वहीं धरना दे रहे लोगों से विधायक मनोज मेघवाल भी मिले और उनकी समस्या की जानकारी ली। धरने के बाद सभी ग्रामीण तहसीलदार कार्यालय पहुँचे और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान करने की मांग की। धरने के दौरान ओम प्रकाश प्रजापत, सुखा राम खीचड़, बाबूलाल पंवार, जीवण सिंह, पवन कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश जानू, बाबूलाल डार, हनुमान नाई, अन्नाराम जाखड़, जीत मल प्रजापत, रूप सिंह, खेताराम गोदारा, प्रकाश सारण, भागीरथ बांसूड़ा, नेमीचंद जानू, कालू सोनी, सुनील नाई, राजू भाटी, सहीराम जानू, रामू प्रजापत, बाबूलाल जाखड़, राम निवास जाखड़, हरखा राम जाखड़, मनोज प्रजापत, विष्णु सोनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# गोपालपुरा में 5 बड़े विकास कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा में विधायक कोष के 25 लाख की लागत से बने सामुदायिक भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि अपने क्षेत्र के अनवरत विकास हेतु मैं प्रतिबद्ध हूं। मेघवाल ने कहा कि सत्ता एवं जनता का हाथ पूर्णतया मिलने से विकास जीवंत हो जाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रशासक सविता राठी ने कहा कि सामुदायिक भवन की मांग विधायक मनोज मेघवाल ने तुरंत पूरी की, जिसमें मोहल्लेवासियों ने अपना भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान उप प्रशासक गणपत दास स्वामी, पंच देदाराम, पंच बुधा देवी, पूर्व पंच रेखा राम, गोपालाराम, बालाराम, पंच विक्रम, चतराराम, दीपचंद गिलड़ा, गंगासिंह राठौड़ आदि मंचासीन रहे। भूमि प्रदाता रामेश्वर मेघवाल, जगदीश मेघवाल का सम्मान साफा, माला पहनाकर विधायक ने किया। अतिथियों का स्वागत पूर्व पंच कैलाश, देबूराम, पृथ्वीराम, धर्माराम, प्रेमाराम, नेमाराम, श्रवणराम ने साफा, शॉल, माला पहनाकर किया। विकास कार्य करवाने पर विधायक मनोज मेघवाल का ग्रामीणें ने फलों से तोलकर नागरिक अभिनंदन किया। वहीं महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इसी प्रकार राजकीय बेगराज राठी उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधायक कोष के 15 लाख की लागत से बनाए गए टीन शेड का भी उद्घाटन विधायक ने किया। इसी प्रकार विधायक ने गोपालपुरा से लाडनूं की ओर 3 किलोमीटर सड़क, गोपालपुरा सूरवास के रास्ते पर 1.2 किलोमीटर, गोपालपुरा से चाड़वास के रास्ते की सड़कों का लोकार्पण भी विधायक मनोज मेघवाल ने किया।

## झूरिया बने अग्रवाल समाज के अध्यक्ष



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय स्टेशन रोड स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज के द्विवार्षिक चुनाव निर्वाचन अधिकारी कैलाशचन्द सर्राफ की देखरेख एवं माणकचन्द सर्राफ की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। जिसमें नवीन सत्र के लिए अध्यक्ष विनोद झूरिया, उपाध्यक्ष परमानंद मंगलूनिया, सहअध्यक्ष दिनेश पंसारी, मंत्री मनोज मोदी, उपमंत्री अरविन्द जालान, सहमंत्री सुबीर तोदी, कोषाध्यक्ष कमल न्यामावाला, हिसाब निरीक्षक जगदीश जालान, समान निरीक्षक ओम प्रकाश भरतिया को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यसमिति के सदस्य के रूप में संतोष कुमार बेड़िया, मुरारी फतेहपुरिया, विजय कुमार खेतान, सुरेन्द्र मिरणका, हर्ष जालान, अजीत तोदी, धर्मेंद्र खेतान, प्रदीप मंगलूनिया, सांवरमल जालान, पवन तोदी, रामावतार ढाणीवाल, पवन बेड़िया, राजकुमार कंदोई, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार भरतीया, विकाश अग्रवाल, महेश डीडवानिया, मनोज न्यामावाला, सजेंद्र मंगलुनिया, महावीर बगड़िया, मानक चन्द सर्राफ, दिनेश झुरिया, विवेक मोदी, मुरारी लाल सर्राफ, राज कुमार खाखोलिया, जितेंद्र सर्राफ, ताराचंद जालान, बनवारी धनावत, अजय शोभासरिया, जयदीप मोदी, शिव रामगढ़िया, मक्खन मोदी, नितेश गाड़ोदिया, विष्णु खेतान, गोविंद मोदी, गणेश मोदी को चुना गया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कठपुतली व नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को किया जागरूक



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर ब्लॉक के सात्यूं व ढाणी कुम्हारान ग्राम पंचायत में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षरता के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकार अजय भाट ने कठपुतली व सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से रोचक प्रस्तुतियां दी व बच्चों को खूब रोमांचित किया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, बाल विवाह रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण, भ्रुण हत्या रोकने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जगदीश प्रसाद, महेश कुमार, प्रमोद कुमार, जयसिंह, दयानंद, रामप्रताप, हनुमान प्रसाद, भागूराम, दीनदयाल, प्रभुराम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



## चार दिगम्बर जैन संघों के 57 दिगम्बर जैन संतों का महासंगम

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** विश्व प्रसिद्ध दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में सोमवार को चार दिगम्बर जैन संघों के 57 संतों का महा संगम हुआ। इस दौरान अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज संघ और आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज संघ का 12 साल बाद भव्य मिलन हुआ। मिलन के बाद भव्य मंगल प्रवेश और जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पाद पक्षालन, आरती और पुष्प वर्षा कर संतों का स्वागत किया। मंदिर परिसर में धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य वर्धमान सागर महाराज, आचार्य प्रसन्न सागर महाराज, आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज और आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ने प्रवचन दिए। संतों ने साधना, संयम और धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन में जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और कार्यक्रम भक्ति व श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुआ।



## गौशाला में की सेवा

**डूंडलोद (नवयत्न)।** डूंडलोद के कामधेनु गौशाला में गौ सेवा की गई। अशोक कुमार, महेश भूत की ओर से गायों को दलिया, गुड़, हरा चारा खिलाया गया। भूत परिवार की ओर से गौशाला में गौ वंश की सेवा की जाती है। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हरफूल पूनिया, रामावतार सैन, गोविंद स्वामी, जितेंद्र सैनी, सुभाष खंडेलवाल, मुकेश मील, सहीराम खटोड़, अशोक पारीक, ललित अग्रवाल, कमल शर्मा, अजय मिश्रा, भंवरलाल सैनी, सुमित जैन, रजनीकांत पुरोहित, ओमप्रकाश भूत, सीए अरुण भूत, सीमा अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, सुरेश नुआवाला, सीताराम जीनगर एवं ताराचंद सहित गौशाला का स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## मंगल कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत भावनदेसर में संत होशियार नाथ महाराज की बगीची में भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। बगीची के संत रुद्र नाथ महाराज ने बताया कि ठाकुरजी मन्दिर से कलश यात्रा रवाना हुई जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए होशियार नाथ महाराज की बगीची कथा स्थल पहुँची । कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक मुकेश महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें।

श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान जगदीश धेतरवाल सह पत्नीक, संत भागीरथ महाराज, सत्यनारायण शर्मा, महावीर प्रसाद शर्मा, सताना राम, हरिराम, शंकर धेतरवाल, सरपंच भागीरथ धेतरवाल, बाबूलाल, रामचंद्र, टिकुराम, हेमाराम, ओमप्रकाश, धनाराम, बाबूलाल पुजारी, आदूराम, बजरंग सिंह पालवास सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे।

## विशाल भण्डारा 16 को

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** इच्छापूर्ण शिव मंदिर कुलडा का टीबा अरनिया के समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से आग्रह किया जाता है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 फरवरी को इच्छापूर्ण शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर विशाल महा भंडारे का आयोजन होने जा रहा है। इस विषय में आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के लिए समिति के अध्यक्ष नंदाराम के आदेशानुसार समिति के समस्त सदस्यगण पहुंचने का कष्ट करेंगे। ताकि विशाल महा भंडारे के आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करके अलग-अलग टीमों को जिम्मेदारियां दी जा सकें।

**Office of Executive Engineer Watershed Development and Soil Conservation, Block - Laxmangarh (Sikar)**

No.:- 164 Date: 02/02/2026

**NOTICE INVITING BID**
**Tender No 04-05 Year 2025-26**

Bids for Tanka in MJSA- 2.0 Ist and IInd Phase Project Area in Blocks- Fatehpur in District Sikar Rajasthan are invited from interested bidders from Date 03.02.2026 Time 10.00 AM to Date 12.02.2026 Time 6.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and https://water.rajasthan.gov.in/wdsc
NIB No.-WSC2526A1531
UBN No.-WSC2526WSOB02664, WSC2526WSOB02665

**(Himanshu Dayal Singh)**
Executive Engineer
DIPR/C/2477/2026 WDSC, Block Laxmangarh

**कार्यालय ग्राम पंचायत भड़ौंदा खुर्द पंचायत समिति झुंझुनू**

क्रमांक :- 31 दिनांक:- 05-02-2026

प्रमाणित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भड़ौंदा खुर्द के विभिन्न ग्रामों में स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य SPPP पोर्टल पर दर्ज कराया है। जिसके NIB व UBN कोड निम्नानुसार है।
NIB कोड नं.- ZJU2526A0717
UBN कोड नं.- ZJU2526WSOB01236
अधिक जानकारी के लिए sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**प्रशासक** ग्राम पंचायत भड़ौंदा खुर्द पंचायत समिति झुंझुनू

**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत भड़ौंदा खुर्द पंचायत समिति झुंझुनू

**कार्यालय नगर परिषद, सीकर (राज०)**
Add:- NEAR ABMEDKAR CIRCLE Sikar Pin 332001
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

क्रमांक : 258 दिनांक :- 05.02.2026

**RFP/2025-26**

RFP for RFP/2025-26 Dispetch 257 dated 05.02.2026 Procurement for of Subject matter are invited from interested bidders for online Bid submite upto 22.02.2026 upto 15:00 hrs and Online tender Open at 23.02.2026 at 15:00 hrs.. Other particulars or details of RFP of the bid may be visite at the percurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in/ and/ http://eproc.rajasthan.gov.in/ of the state rajasthan. Eproc Tender ID as per given below.

| S.NO. | RFP ID |
|---|---|
| 1 | DLB2526RFP0055 |

राज.संवाद/सी/25/19404 आयुक्त, नगर परिषद, सीकर

# चूरू 311 एप्प पर करें एम-चालान : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में संपर्क पोर्टल, फ्लैगशिप योजनाओं, विभागीय कार्यक्रमों सहित आवश्यक सेवाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि चूरू जिले के लिए विकसित किए गए चूरू 311 एप्प पर एम-चालान किए जाएं। सभी नगरनिकाय अधिकारी अपने टीम को इसके संबंध में समुचित प्रशिक्षण दें तथा नियमित रूप से मॉनीटरिंग करें। जिला स्तर पर साप्ताहिक रूप से इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों को कहा कि हाइटेंशन लाइनों के संबंधित आरओडब्ल्यू प्रकरणों का निस्तारण करें। आरओडब्ल्यू प्रकरण शासन- प्रशासन की प्राथमिकता हैं, इसलिए इनके निस्तारण के लिए समुचित कार्यवाही करें। उन्होंने जनगणना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी चार्ज जनगणना अधिकारी जनगणना के दौरान सभी दायित्वों व गतिविधियों के बारे में स्पष्ट रहें। जनगणना के दौरान सभी चरणों में किए जाने वाले सभी कार्यों के बारे में मशीनरी को प्रशिक्षण दिया जाए और सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से संपादित की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी नगरनिकाय अधिकारी बरसात से पहले शहरी क्षेत्रों में स्थित सभी नालों की सफाई सुनिश्चित करवाएं। सभी उपखंड अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में स्थित नगरनिकाय क्षेत्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में अवरूद्ध नालों और बरसात के कारण पानी भराव की स्थितियों की समीक्षा कर आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित करें। पीएमश्री स्कूलों की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी पीएमश्री स्कूलों के लिए लगाए गए प्रभारी अधिकारी निर्धारित पैरामीटर के अनुसार नियमित मॉनीटरिंग करें और अपेक्षित रैंकिंग के लिए प्रयास करें। सभी शिक्षा अधिकारी शैक्षिक उन्नयन की दिशा में पीएमश्री स्कूलों के निर्धारित पैरामीटर पर फोकस करते हुए प्रगति लाएं। सुराणा ने एसआईआर-2026 को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। सभी ईआरओ अपने स्तर पर की जाने वाली सभी गतिविधियां समयबद्ध ढंग से संपादित करें। उन्होंने बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि आमजन को विभागीय सेवाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण लाभ मिले। सभी अधिकारी सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करें और किसी भी स्तर पर शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित निस्तारण करें।

जिला कलक्टर सुराणा ने डिस्कॉम के अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना में आवेदन हेतु आमजन को प्रोत्साहित करें और अधिकाधिक संयंत्र स्थापित करें। डिस्कॉम के अधिकारी वेंडरों के सहयोग से आमजन को प्रेरित करें। इसी के साथ प्राप्त आवेदनों तथा इंस्टाल किए गए सोलर संयंत्रों में गैप को कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों में परिवादियों के असंतुष्टि वाले प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादों को समयसीमा निर्धारित कर निस्तारित करें। परिवादों में अनावश्यक देरी नहीं हो तथा त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से परिवादियों को संतुष्ट करें। इसी के साथ 15 दिनों से अधिक लंबित प्रकरणों एवं असंतुष्टि वाले परिवादों में प्रकरणवार




चर्चा करते हुए समुचित निस्तारण करें। सुराणा ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में संबंधित कृषि, पशुपालन, राजीविका, सहकारी बैंक, अग्रणी प्रंबधक बैंक, उद्यान, मत्स्य आदि विभागों के साथ विभिन्न इंडीकेटरर्स की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए एक्शन प्लान के अनुसार समुचित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अधिकारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और पालनहार योजना के सत्यापन के निर्देश दिए और सभी नगरनिकाय अधिकारियों व विकास अधिकारियों को समुचित प्रचार-प्रसार करते हुए वंचित पेंशनरों का सत्यापन करवाने की बात कही। जिला कलक्टर ने बैठक में एमजेएसए 2.1 व 2.2 में स्वीकृत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करवाने, स्वामित्व योजना, काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, विभागीय अधिकारियों को डीएमएफटी में स्वीकृत कार्यों में कार्य पूर्णता व लंबित भुगतान, मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त भवनों के मरम्मत कार्य को पूर्ण करने, अटल ज्ञान केन्द्र, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत फार्म पौंड व तारबंदी कार्य, राज उन्नति अंतर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर, गोदाम निर्माण, कौशल विकास कार्यक्रम आदि कार्यों, खाता विभाजन व राजस्व प्रकरणों, आईईसी गतिविधियों सहित विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा कर समुचित निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ भागचंद खारिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

## बेसहारा पशुओं का आतंक
### मौत के बाद परिजनों ने किया प्रदर्शन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में प्रशासनिक अनदेखी और सड़कों पर घूमते बेसहारा पशुओं ने एक और हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। बेसहारा पशुओं के कारण आए दिन हो रही घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। क्षेत्र की गौशालाएं एवं नंदी शालाओ द्वारा सड़कों पर घूम रहें पशुओं को नहीं लेने से शहर के लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और वे नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे। गौरतलब है कि शहर के वार्ड संख्या 14 के निवासी 85 वर्षीय अमरचंद दाधीच को 4 फरवरी बुधवार सायं 6 बजे अशोक स्तंभ के पास पुरानी आईटीआई के पास से बाइक से गुजरते समय 3-4 नंदी लड़ते हुए आकर बाइक पर गिरने से वे घायल हो गए, जिनकी इलाज के दौरान 8 फरवरी को देर शाम जयपुर के एसएमएस अस्पताल में मृत्यु हो गई। सोमवार को मृतक अमरचंद के अंतिम संस्कार के दौरान शमशान घाट से सीधे परिजनों सहित सैकड़ों लोग उपखंड कार्यालय पहुंचे, जहां पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शहर के विभिन्न समाज के सैकड़ों लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नंदीशाला में शहर के सारे नंदी भिजवाकर व्यवस्था करने की मांग की है। क्षेत्र चल रही में नंदी शालाएं एवं गौशाला को सरकार द्वारा अनुदान मिलने के बावजूद भी इन बेसहारा पशुओं को नहीं लिया जाता। इस संबंध में प्रशासन और नगरपालिका की उदासीनता के कारण कई परिवारों ने अपना सदस्य खो दिया। क्षेत्र में अब तक दर्जनों लोग बेसहारा पशुओं की चपेट में आ गए, जिनमें कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी है। इस सम्बन्ध में बार-बार ज्ञापन देकर अवगत करवाने के बाद भी प्रशासन ने आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की है।

## नानी बाई का मायरा कथा महोत्सव आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर तहसील के ग्राम खरतवासिया में आयोजित नानी बाई का मायरा कथा महोत्सव के चौथे दिन कथा वाचक प्रकाश चंद्र महाराज ने भावपूर्ण कथा का रसपान कराया। कथा के दौरान नरसी भक्त द्वारा भगवान पर अटूट विश्वास रखते हुए वर्षा कराने एवं भोग लगाने की प्रेरक प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथावाचक प्रकाश चंद्र महाराज ने नानी बाई के दृढ़ विश्वास का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान पर पूर्ण भरोसा बनाए रखा। महाराज ने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि मनुष्य को धैर्यपूर्वक ईश्वर पर विश्वास रखना चाहिए क्योंकि भगवान अपने सच्चे भक्तों की सदैव रक्षा करते हैं। इस अवसर पर पुजारी देबाराम, हडमानाराम, गोरखाराम, मनीराम, सूरजाराम सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन-कीर्तन में ढोलक पर चौरू दमामी, तबले पर सलीम तथा अन्य वाद्य कलाकारों ने संगत दी। कार्यक्रम में तुलछाराम, हीराराम, विनोद, गोपाल, मेघाराम, मनीराम, लिख्माराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

## कृपा श्याम की का भव्य आयोजन 22 को

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** आगामी 22 फरवरी को तारानगर के श्याम प्रेमी परिवार के सौजन्य से विनायक रिसोर्ट, दिल्ली सरदारशहर रोड खेतरपाल मंदिर के पास, तारानगर में पिछले वर्ष की भांति बाबा श्याम का भव्य कार्यक्रम कृपा श्याम की का आयोजन किया जायेगा। श्याम प्रेमी प्रदीप सरावगी और रेणु सरावगी ने बताया की इस भव्य कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुतियां देने के लिए तुषार चौधरी कोलकाता, सोमेश जैन जयपुर, महेश पारीक मुंबई, शिवम जैन कानपुर, संगीत हनुमान म्यूजिकल ग्रुप मुंबई, श्याम श्रृंगार शंकर सैन जयपुर आएंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होकर रात को प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में बाबा का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत तथा रात को सामूहिक महाप्रसाद की भी व्यवस्था है। इससे पहले दिन 21 फरवरी को जब बाबा का शीश तारानगर पहुंचेगा तो तारानगर पुलिस स्टेशन के सामने सभी श्याम प्रेमी बाबा का स्वागत करके, नाचते-गाते ढोल नगाड़ो के साथ बाबा को लेकर आयेंगे। यह कार्यक्रम कोई व्यक्तिगत नहीं है। इसको करवाने वाला बाबा श्याम, करने वाला बाबा श्याम है। अतः सभी श्याम प्रेमियों से आग्रह है की इस भव्य कार्यक्रम कृपा श्याम की में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारें।

## स्कूटी प्राप्त करने वाली बालिकाओं का किया सम्मान

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** बीलवा की राउमावि की पांच छात्राओं को सत्र 2022-23 में स्कूटी प्राप्त करने पर सोमवार को सम्मानित एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर गंगाराम अडाना थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप कुमार कड़वासरा, दुर्गा प्रसाद सेन मौजूद थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ चरण सिंह शेरावत ने की। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य डॉ चरण सिंह शेरावत ने बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में रखी जाने वाली सावधानियों एवं अच्छे अंक प्राप्त करने की टिप्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-23 में स्कूल की पांच छात्राएं राखी शर्मा, पूजा कुमारी, निशा कुमारी, मनीषा, आशा कुमारी ने स्कूटी प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हिम्मत सिंह, प्रदीप कुमार, सतीश कुमार, श्रवण कुमार, सोहनलाल, भीम सिंह, दिनेश कुमार, बुधराम आदि मौजूद थे। संचालन राजेश कुमार ने किया।

# विराट हिन्दू धर्म सम्मेलन आयोजित
## महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बसई में सोमवार को विश्व हिंदू धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने अलग-अलग स्थानों से कलश यात्रा के साथ धर्म सम्मेलन में पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मदेवदास महाराज थे जबकि अध्यक्षता महंत नंदकिशोर महाराज ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने महापुरुषों की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्म देवदास महाराज ने कहा कि महापुरुषों ने सनातन धर्म से विश्व में परचम लहराया गया था। हमारे देश के ऋषि-मुनियों के ज्ञान और उनकी मेहनत से भारत की एक अलग पहचान बन पाई थी। भारत के विज्ञान पद्धति को उस समय बहुत महत्वपूर्ण माना जाता था, जिस समय टेक्नोलॉजी का काफी अभाव था। धर्म को लेकर देशवासियों को आस्था रखनी चाहिए और अपने धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने बड़ा संघर्ष कर हमेशा सत्य का साथ दिया, जिसकी वजह से उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भी कहा गया था। बुराई को खत्म करने के लिए उन्होंने सत्य की राह पर चलकर देशवासियों को बड़ा संदेश दिया था। प्रत्येक व्यक्ति को उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारे देश के महापुरुषों ने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किया था। स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भाषण देकर सनातन धर्म का परचम लहराया था। प्रत्येक व्यक्ति को हमारे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने चाहिए। यह कार्यक्रम सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस मौके पर सुनील, डॉ शिवकुमार सैनी, संघ के मंडल अध्यक्ष राकेश टीबा, संतोष कुमार सैनी, अजीत सिंह शेखावत, भवानी सिंह, मंगल सिंह, अशोक सिंह, प्रदीप पांडे, प्रमोद कुमावत, राजेंद्र सिंह, होशियार सिंह, शीशराम टीबा, पवन मीणा, नरेश तंवर, रमेश सैन, हरिमोहन मीणा, मंदरूप शर्मा, राजेश पांडे, श्याम सुंदर शर्मा, वेदपाल सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## शहीद स्मृति खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बीलवा में शहीद बनवारी लाल गुर्जर का शहादत दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान शहीद स्मृति में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्ती राम थे जबकि अध्यक्षता शंकर बीलवा ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शहीद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद ध्वजारोहण कर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में आसपास के गांवों व निकटवर्ती हरियाणा की टीमों ने भाग लिया। इस मौके पर विभिन्न वर्गों की इनामी कुश्तियों का भी आयोजन हुआ। शहीद कमेटी की ओर से खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शंकर बीलवा ने कहा कि देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले शहीद हमारे लिए पूजनीय हैं और हमें इनका देवताओं की तरह सम्मान करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि झुंझुनू जिले ने देश के लिए सबसे अधिक सैनिक दिए हैं और हमें इनकी पूजा करनी चाहिए तथा युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने शहीद वीरांगना सिम्पल देवी व बेटी डॉ सुधा का शाल ओढ़ाकर तथा पिता जयपाल सिंह का साफा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर इंजी. नगेश चौधरी, मुकेश कुमार, शंकर बीलवा, सूबेदार मामचंद गुर्जर, जयपाल लगरी, सूबेदार ताराचंद, हवलदार जय सिंह, हवलदार संजीव, हवलदार दयाराम, हवलदार विक्रम लगरी, मुकेश लगरी, मदन लगरी, मनीष सिराधना, संजय लगरी, मुकेश पोसवाल, बस्ती राम लगरी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# पूर्विका जिले में प्रथम स्थान पर

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** गोविज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा परिणाम की घोषणा सोमवार प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय श्रीमाधोपुर में विभाग गौ सेवा संयोजक लालचंद सैनी द्वारा की गई। किशोर वर्ग में पूर्विका शर्मा पुत्री विक्रम शर्मा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर 98 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर, शिवराज सिंह शेखावत पुत्र जितेंद्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजीतगढ़ द्वितीय स्थान एवं खुशी कुमारी सेठ रामेश्वर दास सहरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़भोपजी तृतीय स्थान पर रही। वही बाल वर्ग में कार्तिकेय बिंवाल



पुत्र पूर्णचंद्र वर्मा टैगोर पब्लिक माध्यमिक विद्यालय थोई प्रथम, राहुल कुमार विजडम वर्ल्ड स्कूल दातारामगढ़ द्वितीय, भूपेंद्र सोलेत पुत्र गोविंद सोलेत टैगोर स्कूल थोई तृतीय स्थान पर रहे। तरुण वर्ग में रुचिका सेवदा पुत्री महेंद्र कुमार शर्मा राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर प्रथम स्थान, आरती सैनी पुत्री रामजीलाल सैनी एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर द्वितीय स्थान, प्रियंका शर्मा पुत्री भागचंद शर्मा राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर संघ चालक जटाशंकर व्यास, जिला प्रौढ़ प्रमुख राम अवतार महर्षि, नगर कार्यवाह डॉक्टर चंद्र प्रकाश व्यास, गौ विज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक डॉ विक्रम शर्मा उपस्थित रहे। जिले में स्थान प्राप्त परीक्षार्थियों की आगामी प्रांत स्तर की परीक्षा विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित की जाएगी।

## नालों का निर्माण करने की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड नं. 35 के निवर्तमान पार्षद पुरूषोतम शर्मा ने उपखंड अधिकारी व नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर वार्ड नं. 35 व अन्य वार्डों का जोड़ता हुआ टोडूजी की चक्की से लेकर दुलिया तलाई तक, चुंगी नाका से दुलिया तलाई तक नए नालों का निर्माण करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि इन नालों के निर्माण से आम जनता, बच्चों, वार्डवासियों, राहगीरों, वाहन चालकों सभी को गंदे कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। अतः जल्द से जल्द इन नालों का निर्माण करवाकर जन समस्या का समाधानक करने की मांग की गई है।

## बकाया महंगाई भत्ता देने की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पेंशनर समाज के पूर्व सचिव नरसाराम फलवाड़िया ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को एक ज्ञापन भेजकर कोरोनाकाल में रोके गए महंगाई भत्ते को क्रमशः जारी करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सेवारत और सेवानिवृत राज्य कर्मचारियों व पेंशनरों का महंगाई भत्ता हर 6 माह में बढ़ाने का नियम है। ज्ञापन में बताया गया है कि राज्य सरकार के चार बजट कोरोनाकाल के बाद पेश हो गए लेकिन इस नियम की पालना नहीं की गई है। अतः तीन किश्तों का बकाया भुगतान जल्द किया जावे।

## मेहनत विकल्प नहीं, सफलता पाने की प्रकिया है : सुरेंद्र नामदेव

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आजकल युवाओं और आम लोगों के दिलो दिमाग में एक ही सवाल है कि वर्तमान के जटिल और कठिन समय को कैसे सुधारा जाए। मोबाईल रील्स के इस युग में प्रत्येक व्यक्ति के मन में यह प्रश्न अवश्य उठता है कि मैं अपने वर्तमान के जटिल, तनावपूर्ण और कठिन समय को कैसे सुधारूँ। इस बारे में ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव से बात करने पर उन्होंने बताया कि अब युग तेजी से बदल रहा है। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएँ, आर्थिक दबाव, रिश्तों में उलझन और मानसिक अशांति सभी जीवन को कठिन बना देती हैं। ऐसे में मनुष्य अक्सर निराश हो जाता है, परंतु यही समय आत्मचिंतन और परिवर्तन का भी होता है। नामदेव ने बताया कि हमें यह समझने की आवश्यकता है कि कठिन समय स्थायी नहीं होता। जीवन में उतार-चढ़ाव उसी प्रकार आते हैं जैसे दिन और रात। जो व्यक्ति यह स्वीकार कर लेता है कि संघर्ष भी जीवन का एक भाग है वही आगे बढ़ने की शक्ति प्राप्त करता है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है स्वयं के भीतर झाँकना। अक्सर हम परिस्थितियों के लिए दूसरों को दोष देते हैं जबकि समाधान हमारे व्यवहार, सोच और निर्णयों में छिपा होता है। यदि हम अपनी गलतियों को स्वीकार कर सुधारने का प्रयास करें तो आधी समस्या वहीं समाप्त हो जाती है। इसके बाद उपाय है सकारात्मक सोच। नकारात्मक विचार मन को कमजोर बनाते हैं जबकि सकारात्मक दृष्टिकोण कठिन से कठिन स्थिति में भी रास्ता दिखाता है। यह आवश्यक नहीं कि हर परिस्थिति तुरंत बदले, पर हमारी सोच बदलते ही परिस्थिति का प्रभाव कम हो जाता है। अनुशासन और धैर्य सफलता की बड़ी कुंजी है। नामदेव ने बताया कि जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अक्सर नुकसान पहुँचाता है। नियमित दिनचर्या, समय का सही उपयोग और निरंतर प्रयास धीरे-धीरे जीवन की दिशा बदल देते हैं। धैर्य रखने वाला व्यक्ति ही कठिन समय से सीख लेकर आगे बढ़ता है। आज के युवाओं को यह समझना आवश्यक है कि मेहनत कोई विकल्प नहीं है बल्कि मेहनत तो सफल होने की प्रक्रिया है, जिससे गुजरना ही पड़ता है। इसी प्रकार ईश्वर में और अपने कर्मों में आस्था और आत्मविश्वास होने से मनुष्य आगे बढ़ सकता है। आत्म विश्वास मनुष्य के बुरे वक्त का सच्चा साथी है। नामदेव ने बताया कि जो व्यक्ति संघर्ष को गुरू मान लेता है, उसे सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। दूसरों के सुखों से दुःखी होने के कारण आज हर व्यक्ति ईर्ष्या से भर गया है, जो दुःखों का बड़ा कारण बनता जा रहा है। ऐसे में अनुशासन और परमात्मा के प्रति धन्यवाद का भाव हम लोगों में होना आवश्यक है क्योंकि इसी से व्यक्ति बनावटी दुखों का शिकार नहीं होता।

## ऑनलाइन सरिया बेचने का झांसा देकर करोड़ों से ज्यादा की ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना पुलिस ने बिजनेस के ऑनलाइन प्लेटफार्म इंडिया मार्ट व जस्ट डायल जैसी वेबसाईड पर डमी फर्म केशव एन्टरपाईजेज बनाकर ऑनलाइन सरिया बेचने का झांसा देकर करोड़ों रुपयों से अधिक की ठगी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से गिरोह में शामिल अन्य लोगों के बारे मे पूछताछ कर रहीं है। उपायुक्त राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 में परिवादी रामस्नेही पुत्र विजेंद्र ए-अमृत नगर, मुहाना रोड हाल निदेशक सनप्रो इंफ्राटेक प्रा लिमिटेड ने मामला दर्ज कराया था कि रिद्धि-सिद्धी पावर प्रोजेक्ट नेपाल के लिए उसे विभिन्न साईज की स्टील प्लेटो की आवश्यकता थी। जिसके लिए उसने ऑनलाईन केशव एन्टप्राईजेज पंजरापोल भोसरी पुने के निदेशक केशव झा से फोन पर सम्पर्क किया। केशव झा ने नेपाल से माल भेजकर उसका विश्वास जीता और शेष माल की फर्जी बिल्टी व माल भेजने का झांसा देकर 17 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर करवा लिए और प्लेटो की डिलेवरी नहीं की। पीड़ित ने फर्म का पता किया तो वो भी फर्जी निकली और उस पत्ते पर ऑटो मोबाइल पार्टस मैन्यूफक्करी फैक्ट्री निकली। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानबीन कर तीन साल तक आरोपियों की निगरानी की और दोनों आरोपी केशव उगन झा लखनोर मधुबनी बिहार निवासी व चंदन शंकर झा एसवाई कॉर्नर, मौसी लक्ष्मीनगर, भोसरी पुना महाराष्ट्र निवासी को दबोच लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190